Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 85 | सोमवार, 30 मार्च-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# मन की बात में पश्चिम एशिया संकट पर पीएम मोदी का राष्ट्र को संदेश, बोले- इस संकट को मिलकर हराएंगे



## राजनीति और अफवाहों से बचने की अपील

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से आग्रह किया कि इस संवेदनशील समय में एकजुट रहें। उन्होंने उन लोगों की आलोचना की जो इस गंभीर मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं या अफवाहें फैला रहे हैं। पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि यह विषय 140 करोड़ भारतीयों के सीधे हित से जुड़ा है, इसलिए जनता को केवल सरकार द्वारा दी जा रही आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करना चाहिए।

## ऊर्जा संकट और भारत का सामर्थ्य

पीएम मोदी ने स्वीकार किया कि युद्ध प्रभावित क्षेत्र भारत की ऊर्जा जरूरतों का मुख्य केंद्र है, जिसके कारण दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल का संकट पैदा हो रहा है। हालांकि, उन्होंने भरोसा दिलाया कि पिछले एक दशक में भारत ने जो वैश्विक संबंध बनाए हैं और जो आंतरिक शक्ति विकसित की है, उसकी बदौलत देश इन परिस्थितियों का मजबूती से मुकाबला कर रहा है।

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अमेरिका-ईरान युद्ध और पश्चिम एशिया में जारी अशांति पर गहरी चिंता व्यक्त की। पीएम मोदी ने कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहे हैं और भारत को इस चुनौती का डटकर सामना करने के लिए एकजुट होना होगा।

युद्ध का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि पिछले एक महीने से पड़ोस में भीषण संघर्ष चल रहा है। उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों में एक करोड़ से ज्यादा भारतीय रहते और काम करते हैं। प्रधानमंत्री ने खाड़ी देशों की सरकारों का आभार व्यक्त किया कि वे इन कठिन परिस्थितियों में वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित कर रहे हैं।

संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि जिस तरह भारत ने अतीत में कई बड़े संकटों को अपनी सामूहिक शक्ति से पार किया है, उसी तरह इस बार भी 140 करोड़ नागरिक मिलकर इन कठिन परिस्थितियों पर सफलता प्राप्त करेंगे।

# मैं मौत के मुंह से लौटी हूं, अमित शाह के आरोपों पर बोलीं ममता बनर्जी

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**बंगाल।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणियों पर कड़ी नाराजगी जताई है। दरअसल, अमित शाह ने एक दिन पहले तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ 'राजनीतिक आरोपपत्र' जारी करते हुए ममता बनर्जी पर विक्टिम कार्ड खेलने का आरोप लगाया था। शाह ने कहा था कि चुनाव के समय ममता कभी अपनी चोट तो कभी चुनाव आयोग को मुद्दा बनाकर सहानुभूति बटोरने की कोशिश करती हैं।

## ममता ने कहा, मौत के मुंह से लौटकर आई हूं

पुरुलिया जिले के मानबाजार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने अमित शाह को सीधी चुनौती दी। उन्होंने कहा, 'जो लोग कह रहे हैं कि मैं चुनाव के दौरान पट्टी बांधकर घूमती हूं, वे जाकर मेरी



विस्तृत मेडिकल रिपोर्ट देख लें। मैं बार-बार मौत के मुंह से वापस लौटी हूं।' उन्होंने भाजपा पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या 2021 के चुनाव के दौरान उन्हें जानबूझकर चोट पहुंचाई गई थी और क्या अब उन्हें जान से मारने की कोई योजना बनाई जा रही है?

## अमित शाह के खिलाफ चार्जशीट की मांग

अमित शाह द्वारा टीएमसी सरकार के खिलाफ जारी किए गए आरोपपत्र पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि खुद शाह के खिलाफ उनके पुराने कृत्यों के लिए चार्जशीट दाखिल होनी चाहिए।




# आसमान में 'विकास' की गर्जना, जमीन पर 'संसाधनों' का सैलाबः मोदी-योगी के जेवर मॉडल ने थामी अफवाहों की रफ्तार

## मिडिल ईस्ट में बारूद की गंध के बीच भारत में 'ईंधन-संकट' की चर्चाओं को प्रधानमंत्री ने विकास के 'भव्य प्रदर्शन' से दिया जवाब; हजारों बसों में भरकर पहुंचे कार्यकर्ताओं और युवाओं ने साफ किया-देश में 'ऑल इज वेल' है!










**ललित कुमार शर्मा**

**गौतमबुद्धनगर (वेलकम इंडिया)।** जेवर की धरती इतिहास की गवाह बनी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का भव्य उद्घाटन किया, तो न केवल भारत ने दुनिया के नक्शे पर अपनी सबसे ऊंची उड़ान भरी, बल्कि उन तमाम अटकलों और अफवाहों को भी धुआं-धुआं कर दिया जो पिछले कुछ दिनों से देश के 'संसाधनों' पर सवाल उठा रही थीं। प्रधानमंत्री मोदी ने मंच से विकास की जो लकीर खींची, उसका सिरा सीधे मिडिल ईस्ट के युद्ध क्षेत्र से लेकर आम आदमी की रसोई तक जुड़ता नजर आया।

## संकट सिर्फ नजरिए का है!

कुल मिलाकर, जेवर का यह कार्यक्रम केवल एक हवाई अड्डे का उद्घाटन नहीं था, बल्कि उन अफवाहों का 'दहन' भी था जो देश की अर्थव्यवस्था पर शक कर रही थीं। मोदी जी ने दिखा दिया कि चाहे मिडिल ईस्ट में बम बरसें या सप्लाई चेन टूटे, भारत में न बसों की कमी होगी और न ही उन्हें चलाने वाले जज्बे की। जब 'भव्यता' इतनी बड़ी हो, तो छोटे-मोटे संकटों की चर्चा वैसे भी 'विकास के शोर' में दब जाती है।

## भव्यता ऐसी कि दुनिया देखती रह जाए

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में साफ कर दिया कि यह एयरपोर्ट सिर्फ ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि बदलते भारत की वो तस्वीर है जिसे योगी सरकार ने दिन-रात एक करके जमीन पर उतारा है। यह यूपी का वो 'गेटवे' है जो प्रदेश को उत्तम से सर्वोत्तम की श्रेणी में ले जाएगा। मोदी जी ने जब मिडिल ईस्ट की जंग का जिक्र किया, तो उनके शब्दों में भारत की स्थिरता का विश्वास साफ झलक रहा था। उन्होंने जता दिया कि दुनिया भले ही युद्ध और तेल के संकट से जूझ रही हो, लेकिन भारत की विकास यात्रा के पहिए थमने वाले नहीं हैं।

## हजारों बसों का 'तेल-तंत्र' और संकट के दावों की हवा

इस भव्य कार्यक्रम की सबसे दिलचस्प और शानदार तस्वीर सड़कों पर दिखी। गाजियाबाद, नोएडा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में बसें कार्यकर्ताओं और कॉलेज के छात्र-छात्राओं को लेकर जेवर पहुंचीं। आलम यह था कि जिधर देखो, उधर बसों का रेला नजर आ रहा था। यहीं से वो 'तंजिया संदेश' भी निकलता है जो उन लोगों के मुंह पर तमाचा है जो दावा कर रहे थे कि मिडिल ईस्ट की जंग के कारण देश में डीजल-पेट्रोल का संकट है। अगर वाकई 'क्राइसिस' होता, तो क्या सरकार इतनी बड़ी संख्या में हजारों बसों को सड़कों पर उतारने का जोखिम लेती? कतई नहीं! यह मोदी जी की दूरदर्शिता ही है कि एक तरफ दुनिया में तेल के भाव उबाल मार रहे हैं, और दूसरी तरफ भारत में हजारों बसें बेखौफ होकर 'विकास-दर्शन' के लिए दौड़ रही हैं।

## अफवाहें ढेर, मोदी का 'मैनेजमेंट' सुपर हिट

बाजारों में चर्चा थी कि डीजल खत्म हो रहा है, पेट्रोल की किल्लत है... लेकिन जेवर की इस 'मेगा रैली' ने साफ कर दिया कि हिंदुस्तान के पास संसाधनों का अटूट भंडार है। प्रधानमंत्री ने बिना कहे यह जता दिया कि जब तक मोदी-योगी की जुगलबंदी है, तब तक जनता को किसी 'क्राइसिस' से घबराने की जरूरत नहीं है। हजारों बसों के इस काफिले ने यह साबित कर दिया कि तेल की कमी की बातें सिर्फ 'ड्राइंग रूम की गपशप' हैं, हकीकत तो जेवर के उन पार्किंग लॉट्स में खड़ी है, जहां हजारों लीटर ईंधन फूंककर जनता अपने नेता का भाषण सुनने पहुंची थी।

## संपादक की कलम से

# युद्ध की हिंसा, उन्माद से त्रासदी झेलता आम आदमी



ललित शर्मा
संपादक

युद्ध का उन्माद मानव सभ्यता के इतिहास का सबसे त्रासद अध्याय रहा है, जहाँ शक्ति, प्रभुत्व और स्वार्थ की अंधी दौड़ में मनुष्य अपने ही अस्तित्व को दांव पर लगा देता है। जब राष्ट्रवाद की आग विवेक पर भारी पड़ती है, तब युद्ध केवल सीमाओं का संघर्ष नहीं रह जाता, वह मनुष्यता के मूल्यों का भी विध्वंस बन जाता है। युद्ध चाहे किसी भी काल में हुआ हो, उसका परिणाम सदैव एक–सा ही रहा है विनाश, पीड़ा और पश्चाताप। दो विश्व युद्धों की विभीषिका ने यह स्पष्ट कर दिया कि हिंसा से किसी भी समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है, बल्कि यह नई समस्याओं और घावों को जन्म देती है। युद्ध के मैदान में केवल सैनिक ही नहीं मरते, बल्कि उनके साथ असंख्य निर्दोष नागरिक भी अपनी जान गंवाते हैं, जिनका उस संघर्ष से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं होता। उनके सपने, उनकी आशाएँ और उनका भविष्य सब कुछ एक पल में राख हो जाता है। जब कोई माँ अपने बेटे को खोती है, जब कोई बच्चा अपने पिता की लाश देखता है, तब राष्ट्र की जीत का कोई अर्थ नहीं रह जाता, केवल एक गहरी शून्यता और असहनीय पीड़ा शेष रह जाती है। यही वह क्षण होता है जब मनुष्य को आत्मज्ञान का बोध होता है कि उसने क्या खो दिया और किस कीमत पर। युद्ध का वास्तविक चेहरा तब सामने आता है जब शहरों के खंडहर, जली हुई फसलें, उजड़े हुए घर और रोते हुए लोग उसकी गवाही देते हैं। आधुनिक समय में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है, चाहे वह रूस–यूक्रेन का संघर्ष हो, इजरायल–फिलिस्तीन का विवाद हो या अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव हर जगह एक समान पीड़ा और विनाश का दृश्य देखने को मिलता है। इन संघर्षों में सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों के निर्णयों का भार आम नागरिकों को उठाना पड़ता है, जो अपनी जान देकर उन महत्वाकांक्षाओं को पूरा करते हैं जिनसे उनका कोई लेना–देना नहीं होता। युद्ध केवल मानव जीवन को ही नहीं, बल्कि आर्थिक व्यवस्था को भी गहरे संकट में डाल देता है। उद्योग धंधे ठप हो जाते हैं, महंगाई आसमान छूने लगती है, बेरोजगारी बढ़ती है और विकास की गति रुक जाती है। एक देश को वर्षों पीछे धकेल देने वाला यह विनाश केवल भौतिक नहीं होता, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी गहरा असर छोड़ता है। युद्ध के बाद बचता है तो केवल एक टूटा हुआ समाज, जिसमें अविश्वास, भय और असुरक्षा की भावना घर कर जाती है। यही कारण है कि इतिहास हमें बार–बार यह सिखाने का प्रयास करता है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि यह समस्याओं को और जटिल बना देता है। आत्मज्ञानी व्यक्ति और संवेदनशील समाज इस सत्य को समझते हैं कि शांति ही वह मार्ग है जो मानवता को आगे बढ़ा सकता है। युद्ध के बाद जब धूल बैठती है और लोग अपने खोए हुए प्रियजनों की याद में रोते हैं, तब उन्हें यह अहसास होता है कि उन्होंने क्या खोया है और क्या पाया है। उस समय कोई भी जीत सार्थक नहीं लगती, क्योंकि जीत की कीमत बहुत अधिक होती है। युद्ध की राख से उठने वाली यह चेतना ही आत्मज्ञान का वास्तविक रूप है, जो हमें यह समझाती है कि हिंसा और घृणा के मार्ग पर चलकर हम केवल विनाश ही प्राप्त कर सकते हैं। यदि मानवता को बचाना है, तो हमें संवाद, सहिष्णुता और प्रेम का मार्ग अपनाना होगा। युद्ध का उन्माद क्षणिक हो सकता है, लेकिन उसके परिणाम पीढ़ियों तक महसूस किए जाते हैं।

## महावीर स्वामी

राज किशोर वाजपेयी



कविता

चैत्र शुक्ल त्रयोदशी तिथिको अवतरित हुये कुण्डग्राम में।
वर्धमान की महा चेतना फैली बन महावीर स्वामी के नाम में।।

पिता सिद्धार्थ बनी मां त्रिशला पांच सौ निन्नानवे वर्ष ईसा पूर्व।
जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर जिनकी महिमा शाश्वत अपूर्व।।

त्याग दिया घर द्वार सदा को संन्यास–धर्म को ग्रहण किया।
तीस वर्ष की आयु में उन्होंने नव जीवन दर्शन शोध किया।।

बारह वर्ष तप और साधना पावन पंचशील सिद्धांत किये।
अपरिग्रह सत्यअहिंसाअस्तेय और ब्रह्मचर्य के सूत्र दिये।।

अहिंसा परमोधर्म घोष ही सच्ची मानवता की शान।
स्यादवाद का सिद्धांत सत्य का दर्शन की मौलिक पहचान।।

दीपावली पर कैवल्य लिया और पावापुरी में शरीर छोडा।
आत्म–विजेता ही जिन होता पुण्य–भाव मनुजता में जोड़ा।।

आओ, ! हम भी जिन हो जावै ले पाथेय महापावन महावीर से।
यह योग बना संयोग अनोखा पुण–कर्म के संगसभी की तकदीर से।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# दहेज नहीं लिया, या बस नाम बदल दिया?



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक



भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि दो परिवारों का संबंध माना जाता है। यह संबंध परंपराओं, रीति-रिवाजों और सामाजिक मान्यताओं से जुड़ा होता है। लेकिन जब इन परंपराओं के पीछे छिपी मानसिकता पर सवाल उठता है, तो एक कड़वा सच सामने आता है–हमने बुराइयों को छोड़ा नहीं है, बस उनका स्वरूप बदल दिया है।

आजकल शादियों में एक नया चलन तेजी से उभर रहा है। बड़े गर्व के साथ यह घोषणा की जाती है–'हमने दहेज नहीं लिया।' यह सुनते ही एक सकारात्मक छवि बनती है कि समाज बदल रहा है, लोग जागरूक हो रहे हैं। लेकिन जैसे ही शादी की रस्में आगे बढ़ती हैं, यह आदर्शवाद धीरे-धीरे दिखावे में बदलता नजर आता है।

थाली में सजी नगदी, सोना-चांदी और महंगे उपहार–सब कुछ सलीके से प्रस्तुत किया जाता है। फिर एक प्रतीकात्मक अभिनय होता है–लड़का या उसका परिवार उस ढेर में से मात्र एक रुपया उठाता है, मानो यह सिद्ध कर रहा हो कि उन्होंने दहेज नहीं लिया। शेष सब कुछ 'रिवाज', 'भात', 'शगुन' या 'उपहार' के नाम पर स्वीकार कर लिया जाता है।

यह दृश्य केवल एक रस्म नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक मानसिकता का आईना है। सवाल यह नहीं कि एक रुपया लिया गया या नहीं; असली प्रश्न यह है कि क्या लड़की के परिवार पर आर्थिक या सामाजिक दबाव पड़ा या नहीं।

दहेज प्रथा सदियों से भारतीय समाज की एक गंभीर समस्या रही है। पहले इसे खुले तौर पर माँगा जाता था–नकदी, गाड़ियाँ, गहने। समय बदला, कानून सख्त हुए, जागरूकता बढ़ी, और इस प्रथा के खिलाफ आवाजें उठीं। लेकिन क्या दहेज वास्तव में समाप्त हुआ? शायद नहीं। आज इसने अपना रूप बदल लिया है। अब इसे सीधे माँगना अनुचित माना जाता है, इसलिए इसे परंपरा और सम्मान की आड़ में छिपा दिया गया है। 'भात', 'तिलक', 'सगाई के उपहार' और 'विदाई के तोहफे'–नाम भले बदल गए हों, पर लेन-देन की प्रवृत्ति वही है।

'भात' जैसी परंपराएँ, जो कभी स्नेह और आत्मीयता का प्रतीक थीं, आज कई जगह सामाजिक प्रतिस्पर्धा और दिखावे का माध्यम बन चुकी हैं। कितना सोना दिया गया, कितनी नगदी रखी गई, कितने महंगे वस्त्र और उपहार दिए गए–इन्हीं पैमानों पर अब 'इज्जत' का आकलन होने लगा है। यह प्रवृत्ति न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर बोझ डालती है, बल्कि मध्यम वर्ग को भी अपनी क्षमता से अधिक खर्च करने के लिए विवश करती है। दिखावे की यह संस्कृति आज के समाज की एक बड़ी विडंबना बन चुकी है। सोशल मीडिया ने इसे और हवा दी है, जहाँ हर आयोजन एक प्रदर्शन बन गया है। 'हमने दहेज नहीं लिया' जैसे वाक्य भी कई बार नैतिकता के बजाय छवि निर्माण का माध्यम बन जाते हैं। परिणाम यह होता है कि एक झूठी धारणा बनती है कि दहेज खत्म हो रहा है, जबकि वास्तविकता इसके विपरीत होती है। दहेज का सबसे खतरनाक रूप वह है, जो दिखाई नहीं देता–जो 'अनकहा' होता है। कोई खुलकर कुछ नहीं मांगता, लेकिन अपेक्षाएँ स्पष्ट रहती हैं। 'हमें कुछ नहीं चाहिए, आप अपनी खुशी से कर दीजिए' या 'हमें तो कुछ नहीं चाहिए, लेकिन समाज में इज्जत भी तो रखनी होती है'–ये वाक्य सुनने में सहज लगते हैं, लेकिन इनके पीछे गहरा सामाजिक दबाव छिपा होता है। यह दबाव ही दहेज को मजबूरी बना देता है, चाहे उसे स्वेच्छा का नाम क्यों न दिया जाए।

कानून दहेज को अपराध घोषित करता है, लेकिन कानून केवल व्यवहार को नियंत्रित कर सकता है, मानसिकता को नहीं। जब तक समाज खुद यह नहीं मानेगा कि यह प्रथा गलत है, तब तक कोई भी कानून इसे पूरी तरह समाप्त नहीं कर सकता। वास्तविक बदलाव के लिए हमें अपने दृष्टिकोण और व्यवहार दोनों को बदलना होगा। परंपराओं का पुनर्मूल्यांकन करना होगा और यह तय करना होगा कि कौन-सी परंपराएँ सार्थक हैं और कौन-सी केवल दिखावे और दबाव का माध्यम बन चुकी हैं। 'भात' और 'उपहार' तभी तक उचित हैं, जब वे पूरी तरह स्वेच्छा और सामर्थ्य के भीतर हों।

विवाह को सादगी और गरिमा के साथ स्वीकार करना होगा। यह समझना होगा कि यह कोई प्रदर्शन नहीं, बल्कि विश्वास और सम्मान का संबंध है। इसमें सबसे बड़ी जिम्मेदारी लड़के और उसके परिवार की है। उन्हें स्पष्ट रूप से यह तय करना होगा कि वे किसी भी रूप में, किसी भी नाम से लेन-देन स्वीकार नहीं करेंगे। अंततः यह स्वीकार करना होगा कि सम्मान धन से नहीं, मूल्यों से आता है। जब तक समाज खर्च को प्रतिष्ठा से जोड़कर देखता रहेगा, तब तक यह समस्या बनी रहेगी। अब समय आ गया है कि हम केवल यह कहने का दिखावा न करें कि 'हमने दहेज नहीं लिया', बल्कि वास्तव में ऐसी स्थिति पैदा करें जहाँ किसी को कुछ देने या लेने की आवश्यकता ही न पड़े।

दहेज के खिलाफ असली जीत तब होगी,
जब एक रुपये का प्रतीकात्मक नाटक समाप्त होगा,
जब 'रिवाज' के नाम पर होने वाला लेन-देन रुकेगा,
और जब विवाह सच में समानता, सम्मान और प्रेम का बंधन बनेगा–
न कि लेन-देन का सौदा।

# हर आखिरी लड़की को कैसे शिक्षित करें: दुनिया की सबसे बड़ी संभावनाओं का द्वार खोलना



डॉ विजय गर्ग
लेखक

शिक्षा केवल एक मौलिक अधिकार नहीं है; यह एक परिवर्तनकारी शक्ति है जो समाजों, अर्थव्यवस्थाओं और भविष्य को आकार देती है। फिर भी, दुनिया भर में लाखों लड़कियां गरीबी, सांस्कृतिक बाधाओं, संघर्ष और प्रणालीगत असमानताओं के कारण कक्षाओं से बाहर हैं। हर आखिरी लड़की को शिक्षित करना महज एक नैतिक दायित्व नहीं है। यह मानवता का सबसे बुद्धिमान निवेश है।

### लड़कियों को शिक्षित करने का महत्व

जब कोई लड़की शिक्षित हो जाती है, तो उसके लाभ उसकी व्यक्तिगत जिंदगी से कहीं अधिक होते हैं। वह स्वस्थ जीवन जीती, अधिक आय अर्जित करती तथा अपने समुदाय में सकारात्मक योगदान देती। शिक्षित महिलाएं बाद में विवाह कर लेती हैं, उनके बच्चे कम और स्वस्थ होते हैं, तथा वे अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने की अधिक संभावना रखती हैं। संक्षेप में, एक लड़की को शिक्षित करने से पीढ़ियां बदल जाती हैं।

### बाधाएं जो अभी भी मौजूद हैं

प्रगति के बावजूद, कई बाधाएं लड़कियों की शिक्षा में बाधा डाल रही हैं

**गरीबी:** आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहे परिवार अक्सर लड़कों की शिक्षा को लड़कियों की तुलना में प्राथमिकता देते हैं।

**सांस्कृतिक मानदंड:** कई समाजों में लड़कियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे स्कूली शिक्षा के बजाय घरेलू जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित करें।

**प्रारंभिक विवाह:** कई लड़कियों को बाल विवाह के कारण पढ़ाई छोड़नी पड़ती है।

**सुरक्षा संबंधी चिंताएं:** स्कूलों तक लंबी दूरी और असुरक्षित वातावरण उपस्थिति को हतोत्साहित करते हैं।

**बुनियादी ढांचे की कमी:** उचित स्वच्छता सुविधाओं का अभाव, विशेष रूप से किशोर लड़कियों के लिए, अनुपस्थिति का कारण बनता है।

### समावेशी शिक्षा के लिए व्यावहारिक समाधान

यह सुनिश्चित करने के लिए कि हर लड़की को शिक्षा मिले, एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है:

- सरकारी नीतियों को मजबूत करना

सरकारों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा कानून लागू करना होगा, छात्रवृत्ति प्रदान करनी होगी तथा लड़कियों के अनुकूल नीतियां बनानी होंगी। जो कार्यक्रम परिवारों को प्रोत्साहन प्रदान करते हैं, वे पढ़ाई छोड़ने की दर को कम करने में मदद कर सकते हैं।

- सुरक्षित और सुलभ स्कूलों का निर्माण

स्कूलों को सुरक्षित पहुंच के भीतर होना चाहिए तथा उचित स्वच्छता से सुसज्जित होना चाहिए, विशेष रूप से लड़कियों के लिए अलग शौचालय। परिवहन सुविधाएं सुगम्यता को और बेहतर बना सकती हैं।

- सामुदायिक जागरूकता और मानसिकता परिवर्तन

सामाजिक दृष्टिकोण बदलना अत्यंत महत्वपूर्ण है। जागरूकता अभियान, स्थानीय नेताओं और शिक्षकों को लड़कियों की शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालने के लिए एक साथ काम करना चाहिए।

- प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना

डिजिटल प्लेटफॉर्म दूरदराज के क्षेत्रों में शिक्षा ला सकते हैं। ऑनलाइन कक्षाएं, मोबाइल लर्निंग ऐप्स और रेडियो-आधारित शिक्षा उन अंतरालों को पाट सकती है जहां भौतिक स्कूल दुर्गम हैं।

- शिक्षकों को सशक्त बनाना

शिक्षकों को ऐसी समावेशी कक्षाएं बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए जो लड़कियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करें। विशेष रूप से महिला शिक्षिकाएं रोल मॉडल के रूप में कार्य कर सकती हैं तथा लड़कियों में आत्मविश्वास पैदा कर सकती हैं।

### परिवार और समाज की भूमिका

माता-पिता और समुदाय निर्णायक भूमिका निभाते हैं। लड़कियों को प्रोत्साहित करना, उनकी आकांक्षाओं को महत्व देना और भावनात्मक समर्थन प्रदान करना महत्वपूर्ण अंतर ला सकता है। समाज को लड़कियों को आश्रित के रूप में देखने से हटकर उन्हें भविष्य के नेताओं के रूप में मान्यता देने की आवश्यकता है।

### वैश्विक और स्थानीय प्रयास

अंतर्राष्ट्रीय संगठन और सरकारें अभियानों, वित्तपोषण और नीतिगत ढांचे के माध्यम से लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं। हालाँकि, वास्तविक परिवर्तन जमीनी स्तर पर होता है - जब समुदाय शिक्षा को एक साझा जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करते हैं।

### भविष्य के लिए एक दृष्टि

एक ऐसी दुनिया की कल्पना करें जहां हर लड़की को सीखने, बढ़ने और अपने सपनों को प्राप्त करने का अवसर मिले। ऐसी दुनिया अधिक स्वस्थ, अधिक न्यायसंगत और अधिक समृद्ध होगी।

हर आखिरी लड़की को शिक्षित करना कोई असंभव सपना नहीं है। यह एक प्राप्य लक्ष्य है, यदि सामूहिक प्रयास किए जाएं।

### निष्कर्ष

हर लड़की को शिक्षित करने की यात्रा चुनौतियों से भरी होती है, लेकिन इसके परिणाम बहुत बड़े होते हैं। इसके लिए सरकारों, समुदायों, परिवारों और व्यक्तियों की प्रतिबद्धता की आवश्यकता है।

जब हम एक लड़की को शिक्षित करते हैं, तो हम एक राष्ट्र को शिक्षित करते है। अब अभिनय का समय आ गया है क्योंकि किसी भी लड़की को पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

# ट्रंप की हठधर्मिता से धराशाई हुई वैश्विक अमेरिकी प्रभुत्व की धारणा



तनवीर जाफरी
लेखक




निःसंदेह संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व के सर्वशक्तिशाली देशों में अपना सर्वोच्च स्थान रखता है। यही वजह है कि दुनिया के अधिकांश देश 'सर्वशक्तिमान अमेरिका' से अपने मधुर सम्बन्ध बनाये रखना ही बेहतर समझते हैं। अपने प्रभुत्व या दबदबे को कायम रखने के लिये अमेरिका भी अन्य देशों के बीच 'बांटो और राज करो' का खेल खेलता आ रहा है। इसी घिनौने खेल के तहत वह दुनिया के लगभग 57 इस्लामिक देशों में शिया सुन्नी मतभेद को हवा देता रहता है। और इसी प्रोपेगेंडा की आड़ में अमेरिका कई इस्लामिक देशों में सामरिक महत्व के अनेक अड्डे संचालित कर रहा है। विदेश संबंध परिषद के अनुसार अमेरिका इस क्षेत्र में कम से कम 19 देशों पर स्थायी और अस्थायी दोनों तरह के सैन्य ठिकानों का एक व्यापक नेटवर्क संचालित करता है। इनमें बहरीन, मिस्र, इराक, जॉर्डन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित आठ स्थाई सैन्य अड्डे भी शामिल हैं। अधिकांश इस्लामिक देशों में सैन्य अड्डे संचालित करने के बदले अमेरिका को वहाँ की सरकारों से भारी धन भी मिलता है। उदाहरण के तौर पर सऊदी अरब जैसा इस्लामिक देश अमेरिका को अपने यहां तैनात अमेरिकी सैनिकों के खर्च को आंशिक तौर पर उठाने के बदले में लगभग 500 मिलियन डॉलर देता आ रहा है। अमेरिका और मेजबान देश आमतौर पर स्टेटस ऑफ फोर्सेज एग्रीमेंट और अन्य रक्षा समझौतों के तहत तय करते हैं कि कौन कितना खर्च उठाएगा। इन देशों को भी अमेरिकी संरक्षण, हथियारों की बिक्री, प्रशिक्षण, रक्षा गठबंधन और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ने के रूप में लाभ होता है, जिसके बदले वे अमेरिकी सैनिकों के खर्च या उपयोग के लिए कुछ न कुछ भुगतान या संसाधन देते हैं। अमेरिका दशकों से इसी नीति पर चलते हुये अनेक तेल उत्पादक इस्लामिक देशों से अपनी आवश्यकतानुसार तेल लेता है साथ ही इनकी सुरक्षा के नाम पर इन्हें हथियार भी बेचता है। कुल मिलकर इस प्रपंच के पीछे वह इन देशों को यही सन्देश देता आ रहा है कि -'अमेरिका ही तुम्हारा रक्षक है अन्यथा ईरान जैसा देश मध्य एशिया के खाड़ी देशों को निगल जायेगा'। परन्तु गत 28 फरवरी से अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपे गये युद्ध के बाद ईरान ने 'स्वयंभू महाबली अमेरिका ' को जिसतरह उसकी औकात दिखाई है उसने अमेरिका व इस्राईल सहित स्वयं को अमेरिकी सैन्य ठिकानों के बल पर सुरक्षित रहने की दशकों से गलत धारणा पाले बैठे इस्लामिक देशों को भी बहुत कुछ सोचने पर मजबूर कर दिया है।

# बाबा, भक्त और गोलियां

रवि अरोड़ा

बलात्कारी ज्योतिषी बाबा अशोक खरात से कथित संबंधों को लेकर एनसीपी नेता रूपाली चाकणकर आजकल खूब चचाओं में हैं। चचाएं भी ऐसी ऐसी कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की महिला शाखा के प्रदेश अध्यक्ष पद से रूपाली के इस्तीफे के बाद भी खत्म नहीं हो रहीं।

जांच में पता चला है कि 'अय्याश बाबा' जब भी अपने दफ्तर के अंदर किसी महिला को 'शुद्धिकरण' के नाम पर बुलाता था, तब झूमर की लाइट बंद कर देता था।

यह स्टाफ के केबिन के अंदर 'नो एंट्री' का 'कोड' होता था। इससे स्टाफ समझ जाता था कि अंदर महिला का 'उद्धार' हो रहा है। यह बाबा तब तक डेढ़ सौ से अधिक महिलाओं का यौन शोषण कर चुका था, जब उसकी पोल खुली। इसी बाबा की चेली बन चाकणकर की भी पोल खुल गई ।

चलिए रूपाली चाकणकर को भुला भी दें मगर इस तथ्य का क्या करें कि इन दिनों गली गली शहर शहर इन बाबाओं और उनकी रूपालियों का ही बोलबाला है । देश भरा पड़ा है उन बाबाओं और उनके चेले चेलियों से, जो हमाम में ही नहीं मंचों पर भी नंगे नजर आते हैं। अब किस किसका नाम लें।

आलम तो यह है कि कोई बाबा असली बाबा भी केवल तब तक ही है जब तक कि उसकी पोल पट्टी नहीं खुलती । बेशक सवाल किया जा सकता है कि जब देश में नकली दूध, नकली घरेलू सामान, नकली बैंक, नकली दूतावास, नकली आईएएस व आईपीएस और बाकी सबकुछ भी नकली हो सकते हैं तो नकली बाबाओं पर ही ऐतराज क्यों ?

सवाल जायज है कि मगर इस तथ्य पर आप क्या कहेंगे कि अन्य क्षेत्रों की बजाय धर्म कर्म के क्षेत्र में ही नकलियों का बोलबाल सर्वाधिक क्यों है ?

क्या इसका कारण यह तो नहीं कि सत्ता और उसके स्लीपर सेल इन बाबाओं ने ऐसा माहौल बना दिया है कि अंधविश्वास अब कोई हाशिये की चीज नहीं वरन् मुख्यधारा बन गई है।

मंत्री से लेकर अभिनेता तक, वैज्ञानिक से लेकर उद्योगपति तक, हर कोई किसी न किसी बाबा के दरबार में नतमस्तक हैं। विज्ञान प्रयोगशालाओं में सिमट गया है, और चमत्कार टीवी चैनलों पर प्राइम टाइम में चल रहा है।

कुंभ में करोड़ों की भीड़ जुटती है मगर तर्क की आवाज सुनने वाले गिने-चुने नजर आते हैं। आलम यह हो चला है कि आईआईटी के पढ़े-लिखे लोग भी 'ज्ञान' की नई दुकानें खोल रहे हैं। डिग्री दीवार पर टंगी है और आस्था मंच पर बिक रही है। सबसे दिलचस्प यह है कि यह सब खुलेआम हो रहा है। कोई छिपाने की जरूरत नहीं।

क्योंकि विरोध करने वालों का अंजाम सबने देख लिया है। अंधविश्वास को बीमारी मानने वाले नरेंद्र दाभोलकर के हिस्से गोलियां आईं। वे 'अंधश्रद्धा निर्मूलन' जैसी संस्था के जरिए समाज का इलाज करना चाहते थे मगर जब समाज को अपनी ही बीमारी से प्रेम हो जाए तो दाभोलकर जैसे डॉक्टर ज्यादा दिन तक भला कैसे टिकते। वे समझ ही नहीं पाए कि अपने मुल्क में अंधश्रद्धा सिर्फ श्रद्धा नहीं, एक व्यवस्थित उद्योग है, पूरी सप्लाई चेन के साथ।

बाबा हैं, उनके चमत्कार हैं, भक्त हैं, दान है, और सबसे ऊपर अंधविश्वास का लोकतांत्रिक समर्थन है। ऐसे में जब कोई दाभोलकर आकर कहे कि 'यह सब धोखा है', तो यह केवल विचार नहीं, सीधा आर्थिक हमला माना जाता है।

गोविंद पानसरे ने भी शायद यही गलती कर दी। उन्हें यह समझ नहीं आया कि दाभोलकर की हत्या कोई संदेश है ।

उन्होंने उसे चुनौती समझ लिया और वे भी गोलियों के शिकार हो गए । एम.एम. कलबुर्गी ने तो और भी बड़ी हिमाकत कर दी और उनका भी वही हश्र किया गया। संदेश साफ है।

तीनों की एक ही समस्या थी, वे सोचते थे और उससे भी बड़ी समस्या, वे बोलते थे। अब कोई नहीं कह रहा कि जिस समाज में दाभोलकर, पानसरे और कलबुर्गी मारे जाते हैं, वहां सिर्फ तीन लोग नहीं मरते, वहां सवाल मरते हैं, साहस मरता है, और धीरे-धीरे समाज अपनी सोचने की क्षमता खो देता है।

नतीजा आजकल समाज अपने तरीके से ढल रहा है। घरों में आस्था बढ़ रही है, लेकिन सवाल घट रहे हैं। महिलाएं, परिवार, युवा सब इस चमकदार अंधेरे का हिस्सा बनते जा रहे हैं, जहां तर्क असुविधाजनक है और चमत्कार सुविधाजनक। बाकी सब ठीक है ज्योतिषी बाबा, भक्त और गोलियां।

# महावीर के सिद्धान्तों में है वर्तमान वैश्विक अशान्ति का कारगर समाधानः उपाध्याय मनितप्रभ सागर

वेलकम इंडिया ब्यूरो
















**बाड़मेर राजस्थान।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक के उपलक्ष में जैन श्रीसंघ, बाड़मेर एवं जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के तत्वावधान में त्रि-दिवसीय जन्म कल्याणक महोत्सव का आगाज रविवार को प्रातः में परमात्मा अभिषेक एवं पूज्य गुरुदेव खरतरगच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिन मणिप्रभ सूरीश्वरजी म.सा. के शिष्य उपाध्याय प्रवर श्री मनितप्रभ सागरजी म.सा. आदि ठाणा, प. पू. अचलगच्छाधिपति आ. भ. श्री कलाप्रभ सागर सूरीश्वर म. सा. की आज्ञानुवर्ती महोदया प. पू. अरुणोदय श्री जी म. सा. की शिष्या प्रवचन प्रवर्तनी प. पू. हिरण्यगुणा श्री जी म. सा. आदि ठाणा एवं प्रवर्तनी श्री सज्जन श्री जी म. सा., प्रवर्तिनी श्री शशिप्रभा श्री जी म. सा. की शिष्या परम पूज्या साध्वी श्री सम्यग्दर्शना श्रीजी म.सा. आदि ठाणा, प. पू. विमलप्रभाश्रीजी म. सा. आदि ठाणा गुरू-भगवन्तों के मंगल प्रवचन से हुआ।

संयोजक प्रो. एस. के. जैन ने बताया कि महोत्सव के त्रि-दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस रविवार को प्रातः 7.00 बजे महावीर वाटिका के पावन प्रांगण में गिरनार भक्त मण्डल के संयोजन में परमात्मा अभिषेक तत्पश्चात गुरू-भगवन्तों की पावन निश्रा में प्रातः 8.30 बजे जिनालय ट्रस्ट के संयोजन से जूना केराडू मार्ग स्थित महावीर जिनालय प्रांगण में मंगल प्रवचन का आयोजन हुआ। मंगल प्रवचन में गुरूदेवश्री उपाध्याय प्रवर श्री मनितप्रभ सागरजी म. सा. ने अहिंसा के अवतार परमात्मा महावीर स्वामी के जीवन-दर्शन पर प्रकाश डाला। दिन भर में कई कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम में रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन हुआ। रक्तदान का आयोजन 31 मार्च को गोलेच्छा-डूंगरवाल ग्राउण्ड में होगा। कार्यक्रम का संचालन मुकेश अमन ने एवे धन्यवाद महावीर जिनालय ट्रस्ट अध्यक्ष गौतम बोथरा ने किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रही। मंगल प्रवचन में प्रखर प्रवचनकार, विपुल साहित्य सृजक, कुशल व्याख्याकार प. पू. उपाध्याय प्रवर श्री मनितप्रभ सागरजी म. सा. ने कहा कि वर्तमान के हालात देखकर तीर्थंकर महावीर सबसे प्रासंगिक लग रहे है। जहां विश्व में अशान्ति का माहौल है, वहां भगवान की वाणी व सिद्धान्त की सबसे कारगर साबित हो सकते है। गुरूदेवश्री ने कहा कि संसार में व्याप्त संताप व विवाद मनुष्य की मनमानी के ही परिणाम है, बल्कि महावीर के पथ अनुसरण में हर समस्या का पूर्ण समाधान है।

प्रवचन में गुरूदेवश्री ने ओलीजी की आराधना प्रवचन कड़ी में कहा कि आज साधु-पद की आराधना का दिन है। नवपद की आराधना में सबसे विशिष्ट व महत्वपूर्ण पद है- सम्यक पद। जिसमें सम्यक दृष्टि से मनुष्य में ज्ञान व चारित्र का उदय होता है।

सह-संयोजक मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि महोत्सव के प्रथम दिवस प्रातः 10.30 बजे महावीर वाटिका में जन कल्याण संस्थान के संयोजन से परिण्डा अभियान, 11.00 बजे श्री अचलगच्छ महिला परिषद के संयोजन से सुमेर गौशाला में जीवदया कार्यक्रम, प्रातः 11.00 बजे श्री पार्श्वनाथ जिनालय कल्याणपुरा में श्री आदिनाथ महिला मण्डल के संयोजन में स्नात्र-पूजा, प्रातः 11.30 बजे ढ़ाणी जैन मन्दिर से जन कल्याण संस्थान के संयोजन से जल-कुण्डी अभियान का आागज होगा। वहीं दापेहर 1.00 बजे साधना भवन में सुलोचना सामायिक मण्डल के संयोजन में गहुली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

जिसमें अव्वल रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी कार्यक्रमों में जैन समाज के श्रावक-श्राविकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विशाल वाहन रैली व महावीर जीवन दर्शन नाटिका मंच 30 मार्च को समिति सह-संयोजक चम्पालाल बोथरा ने बताया कि तीर्थंकर महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक के उपलक्ष में आयोजित त्रि-दिवसीय महोत्सव में 30 मार्च को दूसरे दिन कई कार्यक्रम आयोजित होंगें। जिसमें प्रातः 6.00 बजे साधना भवन में श्री चिन्तामणि पार्श्व बहु मण्डल के संयोजन में जैन वाहों/स्तवन प्रतियोगिता, प्रातः 6.00 बजे महावीर चौक कल्याणपुरा से अखिल भारतीय भंसाली समाज, बाड़मेर के संयोजन में अहिंसा दौड़, प्रातः 10.00 बजे सुमेर गौशाला में महावीर इन्टरनेशनल, बाड़मेर के संयोजन में जीवदया कार्यक्रम, दोपहर 3.00 बजे सामूहिक सामायिक तथा रात्रि में 8.00 बजे से गोलेच्छा डूंगरवाल ग्राउण्ड में भगवान महावीर स्वामी के जीवन दर्शन आधारित नाटिका मंचन का कार्यक्रम रहेगा। महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में जैन बन्धु, माताएं-बहिनें सादर आमंत्रित है।

## सैकड़ो समर्थकों के साथ समाजवादी समानता एवं भाईचारा रैली में पहुंचे गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा से समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में अपनी अलग पहचान रखने वाले समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आशुतोष शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के कार्यक्रम में अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ शामिल हुए।समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा ने बताया पश्चिमी उत्तर प्रदेश में माननीय अखिलेश यादव जी का यह पहला कार्यक्रम है जिसके माध्यम से 2027 के चुनाव की शुरूआत हो चुकी है।

आज पूरे उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की लहर चल रही है उत्तर प्रदेश में प्रत्येक व्यक्ति आज समाजवादी पार्टी की सरकार चाहता है और आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश से माननीय अखिलेश यादव जी ने 2027 के चुनाव की शुरूआत कर दी है।समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा ने बताया समाजवादी सरकार आने पर सभी के लिए काम किया जाएगा आज पूरे भारत देश में अखिलेश यादव जी से चहेता नेता दूसरा कोई नहीं है आज उत्तर प्रदेश की जनता सिर्फ अखिलेश यादव पर भरोसा कर रही है और अपनी हर पीड़ा का समाधान अखिलेश यादव जी के माध्यम से खोज रही है उत्तर प्रदेश की जनता को भरोसा है अखिलेश यादव जी के आने से हमारी हर समस्या का समाधान होगा।समाजवादी समानता एवं भाईचारा रैली में माननीय अखिलेश यादव जी ने शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और ज्यादा से ज्यादा रोजगार देना जैसे विषयों पर बात करके नौजवानों और देश की आधी आबादी महिला को जोड़ने का संदेश दिया है।समाजवादी सरकार आने पर महिलाओं और किसानों के लिए विशेष रूप से कार्य किया जाएगा।समाजवादी समानता एवं भाईचारा रैली में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।आज पूरे उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक लोग समाजवादी पार्टी के साथ है और 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार प्रचंड बहुमत के साथ बनने जा रही है।

## ओम शांति मंत्र की पोषक रही दादी जानकी को दी श्रद्धांजलि





वेलकम इंडिया ब्यूरो



**रुड़की।** ब्रह्माकुमारीज रुड़की सेवा केंद्र द्वारा ब्रह्माकुमारीज चीफ रही राजयोगिनी दादी जानकी के स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।केंद्र संचालिका बीके गीता दीदी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बीके दीपिका ने दादी जानकी के सद्गुणों को याद करते हुए उन्हें मनसा,वाचा,कर्मणा से परिपूर्ण बताया।वही बीके सपना ने दादी जानकी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर केंद्रित एक कविता सुनाकर सबको भावविभोर कर दिया।जबकि अध्यक्षीय उदबोधन में बीके गीता दीदी ने दादी जानकी द्वारा की गई देश विदेश की रूहानी सेवाओं का उल्लेख कर उन्हें परमात्मा शिव की लाडली बेटी बताया।दादी जानकी कहा करती थी ,मैं कौन ,मेरा कौन,जिसका अर्थ भी वे बताती थी कि मैं एक आत्मा हूं और मेरा एक मात्र परमात्मा है।दादी जानकी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा दिये गए 16 संकल्पों को आत्मसात करने का भी सभी भाई बहनों ने निश्चय किया।कार्यक्रम में बीके पारुल,श्रीगोपाल नारसन, रामकुमार, शिवकुमार, लक्ष्मण सिंह,कल्याण सिंह,पूनम शर्मा, रेखा,अमरेश,अंकित राठौड़, विनय गुप्ता, अनिल कुमार, यशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली में 12 अप्रैल को होने वाली 'रन फॉर अंबेडकर' पदयात्रा में नरेश भाटी को बड़ी जिम्मेदारी, लॉजिस्टिक्स कमेटी में बने इंचार्ज

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एससी डिपार्टमेंट द्वारा जारी सूची में हापुड़ के एससी-एसटी कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश भाटी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें 12 अप्रैल को दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम 'मैं भी अंबेडकर, रन फॉर अंबेडकर' में लॉजिस्टिक्स एंड ऑपरेशन कमेटी के तहत एग्जीक्यूशन सपोर्ट का इंचार्ज नियुक्त किया गया है। नरेश कुमार भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 अप्रैल को दिल्ली में 'एक दौड़ बाबा साहब के नाम, रन फॉर अंबेडकर, रन फॉर कांस्टीट्यूशन' के तहत करीब 14 किलोमीटर की पदयात्रा/दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र से लगभग 20 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है।यह पदयात्रा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व रायबरेली से सांसद Rahul Gandhi के नेतृत्व में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी प्रतिभागियों से मुलाकात कर उन्हें संबोधित भी करेंगे।

नरेश भाटी को मिली इस अहम जिम्मेदारी पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी, शहर अध्यक्ष इरफान अहमद, जिला कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति के चेयरमैन पंडित अरविंद शर्मा, पूर्व प्रदेश महासचिव विजय कुमार गोयल, पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, जिला महासचिव गौरव गर्ग सहित कई कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं ने उन्हें बधाई दी है तथा पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

## कन्या जूनियर हाईस्कूल सिरसवां गौड़ में वार्षिक उत्सव व सम्मान समारोह आयोजित



वेलकम इंडिया ब्यूरो



**टाण्डा।** भगतपुर-टांडा ब्लॉक के कन्या जूनियर हाईस्कूल सिरसवां गौड़ में वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जिसके बाद बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आर्टिस्ट योगा का प्रदर्शन देखकर सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।कार्यक्रम का संचालन कक्षा 8 की छात्रा सानिया ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष की शिक्षिका पत्नी अंजुला सिंह मौजूद रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में ठाकुरद्वारा ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने शिरकत की। मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने नेशनल प्लेयर दिव्या, छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कल्पना, राष्ट्रीय आविष्कार में जनपद स्तर पर विजेता बच्चे तथा खेल-कूद में राज्य एवं मंडल स्तर पर पदक विजेता छात्र-छात्राओं सहित शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया।

इससे पूर्व सुनीता रानी इंचार्ज अध्यापिका, मैहशर जहां और डॉ. अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में डॉ. राजीव कुमार, संजीव मोहन, पूर्व एबीआरसी शमीम अहमद बेग, प्रशांत कुमार, दीपक कुमार, पूनम,हेमंत कुमार, मोनिका पाल, संगीता, मीनू गौतम, ग्राम प्रधान की पत्नी राधा रानी सहित चाणक्य अकैडमी मुरादाबाद का स्टाफ एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं को दिया गया एक दिवसीय ई कोर्ट संबंधी कम्प्यूटर प्रशिक्षण



वेलकम इंडिया विजय द्विवेदी

**प्रतापगढ़।** निदेशक रेखा अग्निहोत्री( जे टी आर आई ) न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान लखनऊ के पत्र संख्या 414 दिनांक 20मार्च 2026 के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पाण्डेय के आदेशानुसार आज दिनांक 28 -03-2026 को जनपद के एल ए डी सी एस, पैनल एडवोकेट, एमीकस क्यूरी के अधिवक्ताओं को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार ECT Computer Skill Inhancement Programme के अंतर्गत एक दिवसीय ई कोर्ट संबंधी कम्प्यूटर प्रशिक्षण जनपद न्यायालय सभागार में अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन नोडल अधिकारी के नेतृत्व में दिया गया।

इस अवसर पर एल ए डी सी एस चीफ महावीर यादव, अभय सिंह, ज्योति शुक्ला, रजनी गुप्ता, एमीकस क्यूरी /पैनल एडवोकेट विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी, मकरन्द शुक्ल, भास्कर पाण्डेय, नुरुल हसन, रामकुमार पाण्डेय, सी एम पाण्डेय, आदि अधिवक्ता गण उपस्थित रहे। सिस्टम ऑफिसर/सिस्टम असिस्टेंट,/डी एस ए/,एस ए /टी एम पी जीतेन्द्र मिश्रा, नीलेश कुमार मिश्रा ने इस अवसर पर सहयोग किया।

## गायक माधव एस राजपूत की नई वीडियो अल्बम "दर्द" जल्द रिलीज होगा टी सीरीज से

वेलकम इंडिया ब्यूरो




**भागलपुर।** भागलपुर बिहार के रहने वाले बॉलीवुड गायक और अभिनेता माधव एस राजपूत का नया वीडियो अल्बम "दर्द" जल्द ही टी सीरीज से रिलीज होगा। दर्जनों बॉलीवुड अलबमो में अपनी आवाज से लाखो दर्शको के दिलो में जगह बना चुके माधव अपनी नई प्रोजेक्ट को लेकर बहुत उत्साहित है।इस अल्बम में माधव एस राजपूत के साथ फिल्म एक्ट्रेस प्रगति शंकर अभिनय करते नजर आएगी।प्रेजेंट टी सीरीज,निमार्ता संजय भूषण,निर्देशक नेहा महेन्द्र सोनी ,गीत श्री संधू ,संगीत कम्ज मेहरा,गायक माधव एस राजपूत,प्रचारक संजय भूषण पटियाला,छायांकन शाहिद शेख है।12 साल से ज्यादा समय से बॉलीवुड में जमे माधव ने बतौर म्यूजिक डायरेक्टर 400 से ज्यादा गानों में अपने संगीत दिया है। वे एल्बम और फिल्मों के लिए संगीत डायरेक्ट करते हैं।साल 2020 में 'तेनु दिल की बना लूं रिंगटोन वे' गीत को निर्देशित किया। इसे ऑनलाइन माध्यम यू-ट्यूब पर तकरीबन लाखों लोगों ने देखा और पसंद किया।'हद से गुजर जाऊं' माधव का ये गीत भी बेहतरीन है। वहीं लंदन में हुई 'रंजिशें' किस्मत कर्मा कैश गीत का निर्देशन भी माधव ने किया है। माधव का 2019 में एक म्यूजिक कंपनी से देसी सइयां नाम का एल्बम लांच किया।वे एक अच्छे संगीतकार के साथ-साथ बेहतरीन लेखक भी हैं। अपने जीवन के बारे में बताते हुए माधव कहते हैं कि वे एक साधारण परिवार से आते हैं। भागलपुर के शाहकुंड प्रखंड अमखोरिया पंचायत झिकटिया गांव उनका बर्थ प्लेस है। पहले यहां पढ़ाई कर माधव दिल्ली चले गए और वहां उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की। दिवंगत पिता चुनचुन सिंह भी संगीत के प्रेमी थे। माधव ने बताया कि वे पांच साल की उम्र में बेहतरीन हारमोनियम बजाते थे। ये देख घर के सभी सदस्य जान गए थे कि माधव संगीत प्रेमी हैं। वे वाद्य यंत्रों से संगीत की धुन बिखर सकते हैं। बड़े भाई राघव सिंह राजपूत को अपनी सफलता का श्रेय देते हैं वे कहते कि भइया हमेशा सपोर्ट करते रहे। मेरे परिवार के लोगों मेरी ताकत बने और मैं आगे बढ़ता गया। अब लोग जान रहे हैं। माधव बताते हैं कि उनका संगीत की दुनिया का पहला सफर दिल्ली से ही शुरू हुआ।

## आदिल चौधरी भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष)के सैनिक प्रकोष्ट प्रदेश अध्यक्ष बने



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** हापुड़ जनपद के इरकान चौधरी (राष्ट्रीय अध्यक्ष) भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष) के द्वारा वेटरन आदिल चौधरी निवासी आरिफपूर सरावनी जनपद हापुड़ थाना बाबूगढ़ को भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष) में प्रदेश अध्यक्ष (सैनिक प्रकोष्ट) के पद पर मनोनीत किया।

आपसे आशा कि जाती है। कि आप आपने क्षेत्र में सभी किसान भाइयो कि समस्याओं कि लिए संघर्ष करते हुए भारतीय किसान यूनियन संघर्ष कि लोकप्रियता को किसानों में बनाये रखेंगे।और राष्ट्रीय अध्यक्ष इरकान चौधरी कि सपनों को साकार करने हेतु प्रयत्नशील रहेंगे।किसी भी असंवैधानिक एंव गैर-कानूनी कार्य में संलिप्त पाए जाने पर प्रमाणपत्र स्वंतः माना जायेगा।भारतीय किसान यूनियन संघर्ष आपकी सफलता की कामना करती है।आदिल चौधरी को बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा भव्यता से मनाया सेवानिवृत्त गुरुजनों का विदाई सम्मान समारोह

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ गोवर्धन इकाई द्वारा सेवानिवृत होने वाले गुरुजनों का सम्मान समारोह अनोखी रिसोर्ट में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि माननीय विधायक गोवर्धन ठाकुर मेघश्याम सिंह जी एवं विशिष्ट अतिथि आदरणीय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती रतन कीर्ति जी की गरमामयी उपस्थिति रही। आदरणीय विधायक जी एवं बीएसए मैडम जी द्वारा सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों श्री लक्ष्मी नारायण गोस्वामी, महेंद्र सिंह एवं मिथिलेश मैडम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं शैक्षिक संगोष्ठी पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला मंत्री बच्चू सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक फौजदार, कार्य कारी अध्यक्ष आशीष, संगठन मंत्री शिव सिंह , उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, उपाध्यक्ष गीता , उपाध्यक्ष देशराज सिंह, संयुक्त मंत्री राजकुमारी, मंत्री सुजाता, ब्लॉक मंत्री महिपाल सिंह, मंत्री धर्मवीर सिंह, ऑडिटर हरेंद्र सिंह सहित मंडल अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक संघ नित्य गोपाल दुबे ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र कौशिक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ पुनेंद्र शर्मा, नरेंद्र चौधरी अध्यक्ष विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर, पूर्व अध्यक्ष विजय वशिष्ठ, कपिल देव एआरपी, मुरारी लाल उपाध्याय एआरपी , देव कुमार एआरपी, हरवीर सिंह एआरपी, पूर्व एआरपी अविनाश शुक्ला , कप्तान सिंह राजोरा मंत्री, हेमेंद्र सिंह पूर्व मंत्री, हेमेंद्र सिंह इंदोलिया, नरेंद्र फौजदार पूर्व अध्यक्ष, अशोक कुमार बौद्ध, कृष्ण मुरारी जसावत, विनोद कुंतल, विपिन बिहारी, रोहित शर्मा, धर्मेंद्र भारद्वाज, कुंज बिहारी, दीपक मिश्रा, राजकुमार, टीकम सिंह ,विनीता, रेखा सोलंकी अंजू उषा ममता रजनी स्वप्निल आरती वीरेश, नितिन वीर ,सत्यवान सिंह, रविंद्र कुमार मुकेश भारद्वाज लोकेश पालीवाल, विजेंद्र राजावत, प्रदीप ,भुवनेश ,अमर सिह सहित सैकड़ो की संख्या में शिक्षक भाई बहन उपस्थित रहे।

संचालन बाबूलाल जी मिश्रा ने किया। अंत में जिला मंत्री बच्चू सिंह चौधरी एवं अध्यक्ष अशोक फौजदार ने सेवानिवृत हो रहे अपने बड़े शिक्षक भाई बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से उपस्थित सभी शिक्षक भाई बहनों का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया।

# अयोध्या पुलिस को मिली नई ताकत: 350 सीसी बुलेट बाइक से गश्त होगी और तेज

**वेलकम इंडिया फतेह खान**




**अयोध्या।** जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने की दिशा में पुलिस विभाग की एक सराहनीय पहल सामने आई है। पुलिस फोर्स में 350 सीसी इंजन वाली 5 नई 'बुलेट' मोटरसाइकिलों को शामिल किया गया है, जिससे गश्त व्यवस्था में तेजी आने के साथ ही आमजन की सुरक्षा और भी मजबूत होगी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर और एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने पुलिस लाइन पहुंचकर स्वयं इन बाइकों का ट्रायल किया। अधिकारियों ने बाइकों की कार्यक्षमता, संतुलन और उपयोगिता का बारीकी से परीक्षण करते हुए इसे आधुनिक पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इन अत्याधुनिक बाइकों में हूटर, हेलमेट रखने की विशेष सुविधा और जरूरी दस्तावेजों के लिए अलग फाइल बॉक्स लगाए गए हैं, जिससे ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों को काफी सहूलियत मिलेगी और वे अधिक दक्षता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेंगे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह पहल न सिर्फ गश्त व्यवस्था को मजबूत करेगी, बल्कि आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कर अपराध नियंत्रण में भी अहम भूमिका।

# परम गौसेवक बाबा चंद्रशेखरदास फरसा वाले को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा**/छाता। ठा मुकेश सिंह सिकरवार व अन्य गौ भक्तों ने बरसाना रोड पर स्थित परम संत गौसेवक बाबा चंदशेखर दास जी की गौशाला पर जाकर बाबा की समाधि पर पुष्पमाला अर्पित की । पं गौरव अविरल शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि बाबा ने अपने पूरे जीवन काल में रात्रि में बिना सोए गौ तस्करों से हजारों गौवंश को आजाद करवाया। ऐसे संत का असमय में जाना दुखद पूर्ण है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन गौ माता के लिए समर्पित किया। पूरे ब्रजमंडल में फरसे वाले बाबा के नाम से विख्यात चंदशेखर बाबा की कमी पूरे ब्रजमंडल को महसूस हो रही है। उपस्थितजनों में मुकेश सिंह सिकरवार, अंकित वार्ष्णेय, हरेंद्र सिंह, कपिल भार्गव, चंद्रपाल सिंह, नरेश कौशिश, गगन, मुरारी सिंह आदिरहे।

# भोगांव में फटा गैस सिलेंडर, मकान जमींदोज, बिजली कटौती ने बचाई चार मासूमों की जान

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा/चौमुहां।** ब्लॉक के गांव भोगांव में रविवार सुबह तड़के गैस सिलेंडर फटने से एक बड़ा हादसा हो गया। धमाका इतना जोरदार था कि पूरे मकान में दरारें पड़ गई। गनीमत यह रही कि बिजली कटौती के कारण बच्चे दूसरे कमरे की छत पर सो रहे थे, जिससे उनकी जान बाल-बाल बच गई।

जानकारी के अनुसार, गांव भोगांव निवासी रामवती (35 वर्ष) पत्नी स्वर्गीय डिगंबर मजदूरी कर अपने चार बच्चों का पालन-पोषण करती हैं। रविवार सुबह करीब 5 बजे रामवती रसोई में चाय बनाने के बाद बाहर पशुओं को चारा डालने गई थीं। इसी दौरान अचानक रसोई में रखे गैस सिलेंडर में भीषण विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों की दीवारें हिल गईं और रामवती का दो कमरों का मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

इस हादसे में एक चमत्कारिक पहलू यह रहा कि सुबह करीब 4 बजे गांव की बिजली कट गई थी। गर्मी और उमस के कारण रामवती के चारों बच्चे कमरे से निकलकर दूसरे पक्के कमरे की छत पर सोने चले गए थे। यदि बिजली न जाती और बच्चे कमरे के अंदर सो रहे होते, तो बड़ा जानी नुकसान हो सकता था।

धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण दहशत में आ गए और मौके की ओर दौड़ पड़े। चारों ओर धूल का गुबार और मलबे का ढेर नजर आ रहा था।

पीड़ित रामवती ने बताया कि वह बेहद गरीब है और मेहनत-मजदूरी कर अपना गुजारा करती है। इस हादसे में उसकी पूरी गृहस्थी, खाने-पीने का सामान और कपड़े मलबे में दबकर नष्ट हो गए है।

सिलेंडर फटने के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों के अनुसार, धमाका इतना शक्तिशाली था कि मकान की छत और दीवारें पूरी तरह गिर गईं।

घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है। पीड़ित परिवार ने शासन-प्रशासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है।

# फिरोजाबाद हसमत नगर निवासी जी रहे हैं नरकीय जिंदगी, नगर निगम की लापरवाही से क्षेत्रवासियों में आक्रोश

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के हसमत नगर में रहने वाले लोगों की जिंदगी नगर निगम की लापरवाही के कारण नरकीय बन गई है। क्षेत्र में गंदगी के अंबार लगे हुए हैं, जिससे बीमारी फैलने की बड़ी आशंका है। मच्छरों के पनपने से क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। नगर निगम की अनदेखी के कारण क्षेत्र में जलभराव, टूटी सड़कें और गंदगी की समस्या है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नगर निगम के अधिकारियों को क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। गंदगी के अंबार, जलभराव, टूटी सड़कें और मच्छरों का प्रकोप, ये सभी समस्याएं हसमत नगर के निवासियों को परेशान कर रही हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि वे अपने स्तर पर समस्याओं का समाधान करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन नगर निगम की मदद के बिना यह संभव नहीं है। नगर निगम के अधिकारियों को क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

# उपजिलाधिकारी ने बच्चों के साथ खाया मिड डे मील

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जैन ने कमला नेहरू कन्या प्राथमिक पाठशाला का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा।** सदर तहसील में उपजिलाधिकारी व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मजिस्ट्रेट अभिनव जे. जैन ने नगर क्षेत्र के कमला नेहरू कन्या प्राइमरी पाठशाला के निरीक्षण के दौरान छात्रों के साथ बैठकर एमडीएम खाया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को रिपोर्ट कार्ड व पुरस्कार वितरित किए। एसडीएम के हाथों पुरस्कार पा कर बच्चे उत्साहित दिखाई दिए। विद्यालय के आकस्मिक निरीक्षण पर आए उपजिलाधिकारी ने विद्यालय में शिक्षा के स्तर, कम्पोजिट ग्रांट उपभोग आदि की जांच की। उन्होंने छात्रों से उनकी रुचि को लेकर प्रश्न पूछे व नन्हे-मुन्ने बच्चों की जिज्ञासा शांत की। सत्रांत पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। एसडीएम की सादगी व मिलनसार स्वभाव से विद्यालय के बच्चे भी उनसे घुल-मिल गए और काफी खुश हुए।

विद्यालय की व्यवस्थाओं से प्रभावित एसडीएम ने प्रधानाध्यापक बलवीर सिंह व स्टाफ की सराहना की। निरीक्षण के दौरान सविता चतुर्वेदी, रश्मि शर्मा, किरन, शुचि व दिगम्बर समेत सभी विद्यालय स्टाफ उपस्थित मिला। प्रधानाध्यापक बलवीर सिंह ने बताया कि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने विद्यालयी व्यवस्थाओं व कक्षा की गतिविधियों, शिक्षकों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले शैक्षिक नवाचारों के विषय में जानकारी ली।

# कोतवाली पुलिस ने एक बंदी को किया निरुद्ध



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बागेश्वर।** पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मेहरा के निर्देशन में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली बागेश्वर पुलिस टीम ने पिट एनडीपीएस एक्ट में वांछित चल रहे द्वारसो निवासी सुरेश सिंह उर्फ सूर्या पुत्र आन सिंह को गिरफ्तार किया है।अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस के तहत छः मुकदमे दर्ज है।कोतवाल अनिल उपाध्याय ने बताया कि अवैध नशे का कारोबार करने वालों को पुलिस चिन्हित कर रही है। कहा कि युवाओं को अवैध मादक सामाग्री चरस/स्मैक की तश्करी करने वालों को बख्शा नही जाएगा।पुलिस लगातार ऐसे अवैध नशे का कारोबार करने वालों को रडार में लेकर उनके खिलाफ सख्ती बरतेगी।उन्होंने युवाओं को नशे के दलदल में धकेल कर उनका भविष्य बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी।साथ ही छात्रों और युवा वर्ग से ऐसे नशे का कारोबार फैलाने वाले लोगों से दूर रहने और एक जिम्मेदार नागरिक बनते हुए अवैध नशे का काला कारोबार करने वालों की गोपनीय सूचना पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने सभी नशा तश्करो को अवैध नशे का कारोबार नही छोड़ने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। एसएसआई खष्टी बिष्ट ने सभी लोगों से अवैध नशे का काला कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसने में पुलिस को सहयोग करने की अपील की।

# पुस्तकों से ही संवरता है मनुष्य का जीवन : निशा

## तहसीलदार ने सार्वजनिक पुस्तकालय को प्रदान की तीन दर्जन पुस्तकें



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गरुड़।** तहसीलदार निशा रानी ने सार्वजनिक पुस्तकालय को तीन दर्जन पुस्तकें प्रदान की। इस मौके पर तहसीलदार ने कहा कि पुस्तकें की इंसान की सच्ची मित्र होती हैं और पुस्तकें ही मनुष्य के जीवन को संवारती हैं। सिविल सोसाइटी के तत्वाधान में विगत दस वर्षों से गरुड़ में सार्वजनिक पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है। पुस्तकालय में कंप्यूटर समेत निःशुल्क वाईफाई की सुविधा भी है। नगरीय क्षेत्र के अलावा प्रतिदिन दूरदराज क्षेत्रों से भी यहां बच्चे पढ़ने आते हैं।

युवा नियमित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। तहसीलदार निशा रानी ने सिविल सोसाइटी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को पुस्तकालय का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने साहित्य, कला, संस्कृति, सामान्य ज्ञान समेत प्रतियोगी परीक्षाओं की तीन दर्जन पुस्तकें प्रदान की। इस दौरान सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष एडवोकेट डीके जोशी, पुस्तकालयाध्यक्ष चंद्रशेखर बड़सीला, कानूनगो मोहन सिंह भाकुनी, राजस्व उप निरीक्षक रघुवीर सिंह फर्सवाण आदि मौजूद थे।

# सपा नेता महेश चंद शर्मा, गोल्डी भैया अपने समर्थकों के साथ दादरी में हुई ऐतिहासिक रैली में हुए शामिल

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा।** गोवर्धन विधानसभा 83 से महेश चंद शर्मा ऊर्फ गोल्डी भैया रविवार को अपने समर्थकों के साथ पश्चिम उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक रैली में भाग लेने गाजियाबाद के दादरी की सरजमीं पर पहुँचे। इस दौरान उनके साथ गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। जिन्होंने रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और एकजुटता का संदेश दिया। गोल्डी भैया के नेतृत्व में पहुँचे इस जनसमूह ने रैली में उत्साह और जोश का माहौल बना दिया।

रैली में पश्चिम उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। जिससे यह कार्यक्रम ऐतिहासिक बन गया। गोवर्धन विधानसभा के आवेदक प्रत्याशी महेश चंद शर्मा ऊर्फ गोल्डी भैया ने कहा कि इस तरह के आयोजन जनता की आवाज को मजबूत करते हैं और क्षेत्र के विकास के लिए एक नई दिशा प्रदान करते हैं। आगामी 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही हे।यह जो नोएडा में रैली हुई है यह आगामी 2027 का आगाज है।

# कबाड़ के गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

## आसमान में छाया काला धुआं, थाना एकता के धांधूपुरा की घटना; फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

**वेलकम इंडिया मयूर खान**





**आगरा।** आगरा में ताजनगरी के थाना एकता अंतर्गत धांधूपुरा इलाके में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक कबाड़ के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। धुएं का काला गुबार आसमान में कई किलोमीटर दूर से ही साफ नजर आ रहा था। इस अग्निकांड में लाखों रुपये का कबाड़ जलकर पूरी तरह राख होने की आशंका जताई जा रही है।

### दमकल की गाड़ियों ने पाया काबू

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि फायर कर्मियों को पास पहुंचने में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया।

इस दौरान मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिसे नियंत्रित करने में पुलिस को काफी पसीना बहाना पड़ा।

### शॉर्ट सर्किट की आशंका, जांच शुरू

आग लगने का स्पष्ट कारण अभी तक सामने नहीं आया है, लेकिन प्राथमिक तौर पर इसे शॉर्ट सर्किट या किसी लापरवाही का नतीजा माना जा रहा है। राहत की बात यह रही कि समय रहते सूचना मिलने और बचाव कार्य शुरू होने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

### प्रशासन की अपील

फिलहाल फायर विभाग और पुलिस की टीम नुकसान का सटीक आंकलन करने में जुटी है। प्रशासन ने क्षेत्र के गोदाम मालिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे ज्वलनशील सामग्री वाले स्थानों पर अग्नि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# नकली गोल्ड गिरोह का भंडाफोड़, 8 लाख की ठगी में 2 आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जयप्रकाश दूबे व प्रभारी निरीक्षक एसओजी अजय सिंह व प्रभारी सर्विलांस सेल अभिमन्यु सिंह के संयुक्त नेतृत्व में गठित टीम प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश दूबे, उ0नि0 अशोक कुमार दूबे, उ0नि0 विनोद कुमार यादव, उ0नि0 उमाशंकर त्रिपाठी, का0 भूपेन्द्र प्रताप सिंह, का0 कृष्णानन्द शाह, हे0का0 सुशील कुमार, हे0का0 हरिप्रकाश, का0 चन्द्रशेखर, प्रभारी निरीक्षक एसओजी अजय कुमार सिंह, हे0का0 अनूप कुमार राय, का0 अभिषेक सिंह, का0 सर्वेश मिश्रा, का0 बिरबहादुर यादव, का0 अरुण कुमार, का0 विवेक मिश्रा उ0नि0 अभिमन्यु सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल सर्विलांस सेल, का0 ज्ञान सिंह ने ठगी व घोखाधड़ी कर 08 लाख रुपए हड़पने की घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तों प्रदीप कुमार राव पुत्र स्व0 संतकुमार निवासी लोहदर थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती (हा0मु0 नौतनवा बाईपास व्हाइट हाउस मैरेज हाल के बगल मे किराये का मकान थाना नौतनवा जनपद महराजगंज), संजय चौधरी पुत्र संतराम चौधरी निवासी बैरनपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद सन्तकबीर नगर (होमगार्ड) को रविवार को स्पर्श हास्पिटल से पहले कट से डडवा नहर तिराहा के पास से 08 लाख रुपया नगद, 03 अदद मोबाइल, 02 अदद पीली धातु का बिस्कुट वजन करीब 200 ग्राम, 01 सेट वर्दी मय बेल्ट व नेम प्लेट, 01 अदद आधार कार्ड व 01 अदद मोटरसाइकिल एच एफ डिलक्स के साथ गिरफ्तार किया है। दिनांक 26.03.2026 को थाना कोतवाली खलीलाबाद पर वादी गल्ला व्यवसायी श्री सन्नी कुमार गुप्ता पुत्र अयोध्या प्रसाद गुप्ता निवासी खड्डा थाना खड्डा जनपद कुशीनगर द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनाँक 23.03.2026 को 04 व्यक्तियों द्वारा मिलकर नकली गोल्ड देकर 08 लाख रुपए ठगी व धोखाधड़ी कर लिया गया है। उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 197/2026 धारा 352/318(4)/319(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस को बढोत्तरी किया गया है। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीणा ने बताया कि गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों से पूछताछ की गयी तो प्रदीप कुमार राव द्वारा बताया कि दिनांक 23.03.2026 को मोबाइल से वार्ता के क्रम में सन्नी कुमार गुप्ता पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी खड्डा जनपद कुशीनगर को सोने का बिस्कुट देने हेतु बुलाया था, सन्नी कुमार गुप्ता कुर्थिया पेट्रोल पम्प के दक्षिण पोखरा के बगल मे उपस्थित आये, जिनसे सोने का बिस्कुट देकर आठ लाख रुपया ले लिया गया। पहले से वार्ता के क्रम में संजय चौधरी बावर्दी मौके पर पहुंचे और 08 लाख रुपये बैग सहित मुझे अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर लेकर चले गये तथा रुपये को हम लोग सुरक्षित स्थान पर रख दिये तथा संजय चौधरी अपनी ड्यूटी करने लगे।

इसी बीच अखबार से सूचना मिली की सन्नी द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद मे मुकदमा लिखवाया गया है। इस जानकारी के क्रम मे आज हम लोग उक्त रुपये को लेकर नौतनवा जा रहे थे कि आप लोग पकड़ लिये। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 08 लाख रुपया नगद, 03 अदद मोबाइल, 02 अदद पीली धातु का बिस्कुट वजन करीब 200 ग्राम, 01 सेट वर्दी मय बेल्ट व नेम प्लेट, 01 अदद आधार कार्ड व 01 अदद मोटरसाइकिल एच एफ डिलक्स (UP51AS 5348) बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीमों के उत्साहवर्धन हेतु 25000 रु0 नगद पुरस्कार देने की घोषणा की।

### अभियुक्त संजय चौधरी का आपराधिक इतिहास

- मु0अ0सं0 431/2024 धारा 323/504/506/34 भा0द0वि0 व 3(1)(घ),3(1)(द),3(2)(शं)एससी/एसटी एक्ट थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर।
- मु0अ0सं0 197/2026 धारा 352/318(4)/319(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर।

### अभियुक्त प्रदीप कुमार राव का आपराधिक इतिहास

- मु0अ0सं0 690/2022 धारा 406/420 भा0द0वि0 थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर।
- मु0अ0सं0 822/2022 धारा 406/420 भा0द0वि0 थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर।
- मु0अ0सं0 197/2026 धारा 352/318(4)/319(2)/317(2)बीएनएस थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिला इकाई का बैठक हुआ सम्पन्न



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संत कबीर नगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिला इकाई की एक आवश्यक बैठक जिला स्थित खंड विकास सभागार में आयोजित किया गया।जिसमें जिला इकाई के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

जीपीए जिला अध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी ने अपने सम्बोधन में कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अब राज्य ही नहीं अपितु राष्ट्र स्तर का संगठन बन गया।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का हर एक सदस्य के सुख दुख में सम्मिलित होने का पूर्ण प्रयास करता हूं।ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिला इकाई के द्वारा आने वाले समय में संत कबीर नगर जिला इकाई एक अहम भूमिका का निर्वहन करते हुए पत्रकार बंधुओं के हित में आयाम स्थापित करने का कार्य करेगा।

इस दौरान जिला संरक्षक के के निर्भीक,जिला उपाध्यक्ष अतुल सिंह,जिला संगठन मंत्री आलोक बर्नवाल,जिला कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश वर्मा ने भी संगठन के बारे में विचार व्यक्त किए।इस दौरान जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रेम नारायण राय,जिला मीडिया प्रभारी सुनील अग्रहरि समेत जीपीए के सम्मानित साथीगण उपस्थित रहे।

# शिक्षा की नई किरण: पैरामाउंट कैरियर एकेडमी का हुआ शुभारंभ

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** विकास क्षेत्र सेमरियावां के मुड़ाडिहांबेग में शिक्षा के क्षेत्र को नई दिशा देने के उद्देश्य से पैरामाउंट कैरियर एकेडमी का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मौलाना मुनीर अहमद एवं विशिष्ट अतिथि, राज्य स्तरीय यूथ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित एडवोकेट रिजवान मुनीर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एकेडमी का उद्घाटन किया।

मुख्य अतिथि मौलाना मुनीर अहमद ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में दीनी तालीम के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा हासिल करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि नई पीढ़ी हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सके। उन्होंने शिक्षा को समाज के समग्र विकास और उत्थान का सबसे सशक्त माध्यम बताया।

विशिष्ट अतिथि एडवोकेट रिजवान मुनीर ने अपने संबोधन में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में शिक्षा ही वह मजबूत आधार है, जो व्यक्ति को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि केवल डिग्री प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, तकनीकी ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल का विकास भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें और पूरी लगन एवं मेहनत के साथ उसे हासिल करने का प्रयास करें, तभी वे भविष्य की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकेंगे। वहीं, एकेडमी के संस्थापक मोहम्मद अहमद ने बताया कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य छात्रों को बेहतर एवं उच्चस्तरीय शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने जानकारी दी कि यहां कक्षा 6 से 12 तक की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। कार्यक्रम का समापन इज्तेमाई दुआ के साथ हुआ। इस अवसर पर सबीह अहमद, ताबिश कलीम, मौलाना अब्दुल हादी, शोएब अख्तर, मुख्तार चौधरी, अशफाक अहमद, तौकीर चौधरी,खलीलुर्रहमान, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सात वर्षीया बच्ची की ट्रेलर की ठोकर से गंभीर रूप से घायल

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** बीएमसीटी बस्ती मेहदावल मार्ग पर स्थित उसराशहीद में अपने घर के पास खेल रही सात वर्षीया बच्ची को ट्रेलर की ठोकर से गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी मिलने पर पहुंचे परिजन सीएचसी सेमरियावां ले गये जहां चिकित्सको ने कैली हास्पिटल रेफर कर दिया गया। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

बीएमसीटी बस्ती - मेंहदावल मार्ग पर स्थित उसराशहीद चौराहे पर घर के पास खेल रही फलक पुत्री मढ़ी(7) को बस्ती की तरफ से गिट्टी लदे तेज रफ़्तार ट्रेलर यूपी 51बीटी 5694 ने ठोकर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी मिलने पर पहुंचे परिजन सीएचसी सेमरियावां ले गये जहां चिकित्सको ने कैली हास्पिटल रेफर कर दिया गया।

हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची दुधारा पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे में लेते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### बीएमसीटी मार्ग पर आये दिन हो रही दुर्घटना, रम्बल स्ट्रिप की मांग

बीएमसीटी बस्ती- मेहदावल मार्ग पर आये दिन दुर्घटनाये होती रहती हैं लेकिन इस बारे में अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यहां तक की प्रमुख चौराहो बाघनगर, उसराशहीद, सेमरियावा, दुधारा, लोहरौली में गति अवरोधक रम्बल स्ट्रिप तक नहीं लग सका। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हाजी मो. नजीर, अतीक सिद्दीकी, मौलाना सेराज अहमद, रियाज अहमद, सपा नेता मोहम्मद अहमद, गौहर अली खान, शोएब अहमद नदवी, वसीम अहमद, समाजसेवी इरशाद अहमद, शमशाद अली, मसूद अहमद, रिजवान मुनीर, बसपा नेता राम तिलक आदि ने प्रमुख चौराहो पर रम्बल स्ट्रिप लगाए जाने की मांग किये हैं।

# आरोप निराधार, निष्पक्ष जांच से सच आएगा सामने- हाजी नईम जड़ोदिया

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़।** समाजवादी पार्टी के शहर अध्यक्ष हाजी नईम जड़ोदिया ने अपने ऊपर लगाए जा रहे आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें पूरी तरह निराधार और भ्रामक बताया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि उनका इस पूरे मामले से कोई लेना-देना नहीं है और कुछ असामाजिक तत्व सुनियोजित तरीके से उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।हाजी नईम जड़ोदिया ने जारी बयान में कहा कि यह पहली बार नहीं है जब उन्हें इस तरह के झूठे आरोपों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले भी उनके खिलाफ कई बार फर्जी मुकदमे दर्ज कराए गए, लेकिन हर बार निष्पक्ष जांच में वह निर्दोष साबित हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग राजनीतिक और व्यक्तिगत द्वेष के चलते लगातार उन्हें बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं।उन्होंने कहा कि वर्तमान में लगाए जा रहे गंभीर आरोप भी पूरी तरह बेबुनियाद हैं और सच्चाई से उनका कोई संबंध नहीं है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जांच में वह दोषी पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। हाजी नईम जड़ोदिया ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों के माध्यम से यह आरोप लगाए जा रहे हैं, वह उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानते तक नहीं हैं। उनके अनुसार, विरोधी तत्व जानबूझकर गलत लोगों को आगे कर इस तरह के झूठे आरोप लगवा रहे हैं।उन्होंने आगे कहा कि उनके परिवार को भी समय-समय पर इस प्रकार की झूठी मुकदमेबाजी का सामना करना पड़ा है, लेकिन हर बार सच्चाई सामने आई और आरोप फर्जी साबित हुए। उन्होंने इसे उनकी सामाजिक और राजनीतिक सक्रियता को कमजोर करने की साजिश बताया राजनीतिक और सामाजिक सक्रियता का लंबा अनुभव हाजी नईम जड़ोदिया हापुड़ की राजनीति में एक सक्रिय और चर्चित चेहरा माने जाते हैं। समाजवादी पार्टी के शहर अध्यक्ष के रूप में वह लंबे समय से संगठन को मजबूत करने, जनसमस्याओं को उठाने और जनता के बीच सक्रिय रहने के लिए जाने जाते हैं। स्थानीय स्तर पर उनकी पकड़ और जनसंपर्क मजबूत माना जाता है, जिसके चलते वह अक्सर राजनीतिक गतिविधियों में प्रमुख भूमिका निभाते नजर आते हैं निष्पक्ष जांच से सच्चाई उजागर होने का भरोसाअंत में हाजी नईम जड़ोदिया ने कहा कि उन्हें न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है और निष्पक्ष जांच में सच्चाई जरूर सामने आएगी। उन्होंने कहा कि वह हर तरह की जांच के लिए तैयार हैं और चाहते हैं कि इस मामले का जल्द से जल्द खुलासा हो, ताकि उनके खिलाफ फैलाई जा रही गलतफहमियां दूर हो सकें।

# डीएम की अध्यक्षता में जनपद में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस आपूर्ति के सुचारू संचालन के संबंध में बैठक हुई आयोजित



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में इ ण्डि या न आयल/बी0पी0सी0एल0/एच0पी0सी0एल0 के सेल्स आफिसर तथा आपूर्ति विभाग के अधिकारीगण के साथ जनपद में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस आपूर्ति के सुचारू संचालन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी सेल्स आफिसर को पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस सिलेण्डर की आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिये गये। जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस सिलेण्डर की आपूर्ति पूरी तरह से सुचारू है। जनपद में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल/डीजल/गैस सिलेण्डर उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने समस्त जनपदवासियों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने एवं आवश्यकतानुसार ही पेट्रोल/डीजल/गैस सिलेंडर क्रय करने की अपील किया है। उन्होंने कहा कि उपभोक्तागण अनावश्यक भंडारण से बचें।

# ठठरा स्कूल में आईसीटी लैब का शुभारंभ, डिजिटल स्किल्स से सशक्त होंगी बालिकाएं

वेलकम इंडिया संदीप तिवारी





**मिजामुराद।** सेवापुरी ब्लॉक के ठठरा गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में इंडिविलेज फाउन्डेशन के सौजन्य से आई.सी.टी.लैब का उद्घाटन शनिवार को हुआ।मुख्य अतिथि संस्था की सेन्टर एडमिन शिवांगी मिश्रा ने लैब का फीता काटकर, दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके उद्घाटन किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य बालिकाओं को तकनीकी क्षेत्र में दक्ष बनाना है ताकि वे आत्म निर्भर बन सके। विशिष्ट अतिथि फाउन्डेशन की एसोसिएट सिस्टम इंजिनियर आई.टी. निशा ने बताया कि ग्रामीण भारत में शिक्षा और कौशल को आगे बढ़ाने के लिए हमारे डोनर पार्टनर इंफोसिस बी.पी.एम. द्वारा विद्यालय को 6 लैपटाप, 4 डेस्कटाप, 1 प्रोजेक्टर,1 प्रिंटर व 1 इन्वर्टर दिया गया है।संस्था के 'टेक हर फारवर्ड ' कार्यक्रम की फेलो वर्तिका दुबे ने बताया कि हम कक्षा 6 से 8 में अध्ययनरत बालिकाओं को डिजिटल स्कील देकर सशक्त बनाएंगे ताकि वे रोजगार की दिशा में आगे बढ़ सके।अपने संदेश में खण्ड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय कुमार यादव ने इंडिविलेज फाउन्डेशन व इंफोसिस बी.पी.एम. के प्रति आभार व्यक्त करते हुए निवेदन किया है कि हमारे ब्लॉक के अन्य विद्यालय भी इन संसाधनों से परिपूर्ण किये जाय। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा यही सामग्री कम्पोजिट स्कूल करधना को भी प्रदत्त करके आज ही उद्घाटन किया गया है।कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक उमाशंकर वर्मा व धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्रधानाध्यापक चन्द्रबली पटेल ने किया।इस अवसर पर शिक्षक फेकूराम मौर्य, कल्पना श्रीवास्तव, सुनीता दीक्षित, रचना सिंन्हा, अनुराग चन्द उपस्थित रहे।

# पीएम सूर्य घर' योजना का लगा शिविर ग्रामीणों ने किया सोलर सिस्टम के लिए पंजीकरण



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मिजार्मुराद।** सेवापुरी विकासखंड के सत्तनपुर गांव में रविवार को 'पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' के तहत एक विशाल सोलर जागरूकता और पंजीकरण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को आम लोगों तक पहुंचाना था। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और योजना के प्रति उत्साह दिखाया।कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के सीएमडी रमेश सिंह और एमडी प्रदीप पाठक के मार्गदर्शन में हुआ। संपूर्ण आयोजन की रूपरेखा और क्रियान्वयन बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर (बीडीएम) अंकित चौबे की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अंकित चौबे ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि आर. के. सोलर उत्तर प्रदेश और बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा आत्मनिर्भरता स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि इससे उपभोक्ताओं के बिजली बिल में भी उल्लेखनीय कमी आती है।शिविर में मौजूद विशेषज्ञों ने 'पीएम सूर्य घर योजना' के महत्वपूर्ण लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पात्र उपभोक्ताओं को ₹1,08,000 तक की सरकारी सब्सिडी सीधे उनके बैंक खाते में दी जा रही है।

# रैकेट इण्डिया व जागरण पहल की दूरदर्शी कार्य शैली से हों रहा बदलाव- नेहा सिंह

वेलकम इंडिया संतोष कुमार सिंह





**वाराणसी।** नगर निगम ककरमत्ता सब जोन के चार वार्डो का कंदवा धर्मशाला वन में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन रैकेट संस्थान,जागरण पहल एवं ग्रीनस्पर्श फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर निगम क्षेत्र के कुल 75 सफाई मित्रों ने भाग लिया और सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर कार्यक्रम की सराहना करते हुए सम्मानित हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुपरवाइजर रोशन कुमार व विवेक सोनकर ने कहा कि हार्पिक वर्ल्ड टॉयलेट कॉलेज स्वच्छता क्षेत्र के पहले पायदान के कार्यकताओं के लिए निरंतर कार्य कर रहा है जो कि प्रशंसनीय व सराहनीय है। कार्यक्रम के दौरान हार्पिक वर्ल्ड टॉयलेट कॉलेज के राज्य समन्वयक अश्वनी चौरसिया ने सफाईमित्रों को व्यक्तिगत सुरक्षा,शौचालय रखरखाव,कूड़ा प्रबंधन, हाउसकीपिंग तथा प्रत्येक छह माह में टी.टी.टीका लगवाने के महत्व पर जोर देते हुए प्रशिक्षित किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंदवा की सीएचओ नेहा सिंह ने अपने संबोधन में सभी सफाई मित्रों को नियमित स्वास्थ्य जांच व संतुलित पोषण आहार पर ध्यान देने व हर काम के बाद हाथ धुलने की सलाह देते हुए संस्था के इस तरह के कार्यों की सराहना करते हुए धन्यवाद किया। जागरण पहल के रवीन्द्र मिश्रा ने आए हुए सभी सम्मानित जनों व सफाई मित्रों को करोना की याद दिलाते हुए हाथों की सफाई पर विशेष ध्यान देने पर जोर देते हुए सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया।

हार्पिक वर्ल्ड टॉयलेट कॉलेज वर्ष 2022 से उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद में संचालित है वर्तमान में यह कार्यक्रम देश के छह राज्यों में संचालित हो रहा है। उत्तर प्रदेश के छह जिलों वाराणसी,चंदौली,मिजार्पुर,प्रयागराज ,अयोध्या एवं गोरखपुर में चल रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य वाराणसी जनपद के लगभग छह सौ सफाईमित्रों को प्रशिक्षित करना है, जिसमें उन्हें कार्यस्थल सुरक्षा,हैंड हाइजीन, सॉफ्ट स्किल,जल एवं कूड़ा प्रबंधन के साथ-साथ विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं जैसे बीमा एवं सुरक्षा से जोड़कर सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।

कार्यक्रम में हार्पिक वर्ल्ड टॉयलेट कॉलेज की ओर से सर्वेश कुमार,अजय कुमार,अजय मौर्या व जे पी सोनकर सहित नगर निगम के सुपरवाइजरों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# एडीसीपी ने थाने का निरीक्षण किया, उपनिरीक्षकों से खुलवाए शस्त्र

वेलकम इंडिया संदीप तिवारी



**मिजार्मुराद।** एडीसीपी गोमती जोन नृपेंद्र कुमार ने रविवार को मिजार्मुराद थाने का निरीक्षण किया। इससे पूर्व पुलिस बल द्वारा एडीसीपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान एडीसीपी ने थाना के विभिन्न मामलों की गहनता से निरीक्षण करते हुए पुलिस के समक्ष उत्पन्न समस्याओं से भी अवगत हुए। एडीसीपी ने थाने के कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, पुरुष हवालात, साफ-सफाई, बागवानी, कार्यालय, रसोई गृह, भंडार गृह, पुलिस कर्मियों के आवासों आदि का सूक्ष्मता पूर्वक निरीक्षण करने के उपरांत थाना के विभिन्न अभिलेखों की जांच की।वही कार्यालय व अभिलेखों को और बेहतर बनाने का आदेश दिया। महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए महिला रजिस्टर की जांच किया। एडीसीपी द्वारा थाने पर मौजूद उपनिरीक्षकों से सर्विस हथियारों को खुलवाया और पुनः जुड़वाया, ताकि आपात स्थिति में वे त्वरित कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

# रिबॉर्न ट्रस्ट द्वारा पांचवां निशुल्क चिकित्सा एवं आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन,150 से अधिक लोगों ने लिया लाभ

**वेलकम इंडिया संतोष कुमार सिंह**









**चन्दौली।** प्लांट डिपो सिकटिया वार्ड नंबर 14 पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर (मुगलसराय) में रिबॉर्न ट्रस्ट द्वारा लगातार पाँचवें निशुल्क चिकित्सा एवं आयुष्मान कार्ड शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में पॉपुलर हॉस्पिटल वाराणसी के अनुभवी स्पेशलिस्ट चिकित्सकों द्वारा मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उचित परामर्श प्रदान किया गया तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान लगभग 150 से अधिक लोगों ने चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया वहीं करीब 20 से 25 लोगों के आयुष्मान कार्ड का पंजीकरण किया गया साथ ही मरीजों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। उक्त शिविर का नेतृत्व सतनाम सिंह (सोशल एक्टिविस्ट) द्वारा किया गया जो पिछले बीस वर्षों से अधिक समय से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं और 36 बार रक्तदान भी कर चुके हैं। इस अवसर पर सतनाम सिंह (सोशल एक्टिविस्ट) ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। रिबॉर्न ट्रस्ट लगातार प्रयासरत है कि जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चिकित्सा जांच,उचित परामर्श एवं आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि कोई भी व्यक्ति आर्थिक अभाव के कारण उपचार से वंचित न रहे। भविष्य में भी हम इसी प्रकार स्वास्थ्य जागरूकता एवं सेवा के कार्य निरंतर करते रहेंगे। इस अवसर पर रिबॉर्न ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं संस्थापक सतनाम सिंह (सोशल एक्टिविस्ट),विष्णु जैस,तनवीर अंसारी,अमनदीप कौर,इन्द्रजीत कौर,शिवानी सोनकर, श्रद्धा कुमारी,नितेश जैस,प्रिया जैस,आशा कुमारी, मुकेश जायसवाल,ईशा सोनकर एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे सभी के सहयोग से यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस कैम्प के आयोजन में विशेष रूप से डॉक्टर राहुल कुमार पुत्रः स्वर्गीय डा.अंजनी कुमार एवं डॉक्टर अफजल अली एवं सभासद प्रतिनिधि राकेश शर्मा की विशेष भूमिका रही इन्हीं के सहयोग से इस कैम्प का आयोजन हो पाया।रिबॉर्न ट्रस्ट द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार समाजसेवा एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे,नगर के 25 वार्ड में निशुल्क कैम्प कराने के लिए रिबॉर्न ट्रस्ट प्रतिबद्ध है। उक्त अवसर पर कैम्प में अतिथि के रूप में आरपीएफ इंस्पेक्टर पी के रावत,समाजवादी पार्टी के नेता चंद्रशेखर यादव एवं कुंदन सिंह सहित इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पुत्री की डण्डा मारकर हत्या करने वाले



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**नरौरा/बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराधों व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के सकुशल निर्देशन व पुलिस उपाधीक्षक डिबाई मधुप कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक गंगा प्रसाद आर्य व उ0नि0 दिलीप कुमार, उ0नि0 निखिल कुमार मिश्र व का0 पवन कुमार द्वारा ग्राम चौढेरा रतनपुर तिराहे से अभियुक्त पुष्पेन्द्र उर्फ पप्पू शर्मा पुत्र स्व० बाबू शर्मा नि० ग्राम रतनपुर थाना नरौरा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त पुष्पेन्द्र उर्फ पप्पू शर्मा उपरोक्त द्वारा दिनांक 26.03.2026 को अपनी पुत्री कु० पूजा उम्र करीब 12 वर्ष को डण्डे से पीटकर बेहोश कर दिया था कुछ क्षण पश्चात कु० पूजा की मृत्यु हो गयी, जिस संबंध में मृतका कु० पूजा की मां द्वारा दिनांक 27.03.2026 को थाना नरौरा जनपद बुलन्दशहर पर मु0अ0सं0 56/2026 धारा 115 (2)/351(3)/105 बी0एन0एस0 का अभियोग अपने पति पुष्पेन्द्र उर्फ पप्पू शर्मा के विरूद्ध पंजीकृत कराया। अभियुक्त पुष्पेन्द्र उर्फ पप्पू शर्मा उपरोक्त को गिरफ्तार कर मा० न्यायालय के समक्ष रिमाण्ड हेतु प्रस्तुत किया गया है।

# मामूली बकाए पर गुल हो रही बिजली, रीचार्ज के बाद भी घंटों अंधेरे में रहने को मजबूर उपभोक्ता

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**जहांगीराबाद।** नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में लगाए गए स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए सुविधा के बजाय परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। तकनीकी खामियों और सिस्टम की सुस्ती के चलते लोगों में भारी रोष है। स्थिति यह है कि मात्र 150 से 200 रुपये का बैलेंस कम होते ही बिजली काट दी जाती है, लेकिन भुगतान करने के घंटों बाद भी आपूर्ति बहाल नहीं होती।

बिजली कटने से परेशान उपभोक्ताओं का कहना है कि डिजिटल इंडिया के दौर में भी उन्हें घंटों अंधेरे में बैठना पड़ रहा है। उपभोक्ता आशु गुप्ता, खुशबू सिंह, सरदार चनने, ओमप्रकाश, अजय शर्मा, मुकेश अग्रवाल, नरेश कुमार, जावेद व सोमवीर ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि जैसे ही बैलेंस खत्म होता है, बिजली तुरंत काट दी जाती है। हमने तत्काल बिल जमा कर दिया, लेकिन घंटों बीत जाने के बाद भी आपूर्ति शुरू नहीं हुई।

हेल्पलाइन पर शिकायत करने के बाद भी कोई ठोस समाधान नहीं मिलता। उपभोक्ताओं के अनुसार, अचानक बिजली कटने से घर के दैनिक कार्य, बच्चों की पढ़ाई और रात के समय बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि विभाग केवल मीटर लगाने में तत्परता दिखा रहा है, लेकिन रीचार्ज के बाद बिजली सुचारू करने का सिस्टम पूरी तरह फेल नजर आ रहा है।

मामले पर संज्ञान लेते हुए अधिशाषी अभियंता सौरभ मिश्रा ने स्पष्ट किया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर एक स्वचालित प्रणाली है।

उन्होंने बताया कि बैलेंस समाप्त होते ही सिस्टम अपने आप बिजली काट देता है। उपभोक्ताओं को असुविधा से बचने के लिए पर्याप्त बैलेंस बनाए रखना चाहिए। कभी-कभी सर्वर या तकनीकी कारणों से भुगतान अपडेट होने और आपूर्ति बहाल होने में समय लग जाता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन तकनीकी कमियों को जल्द दूर कर लिया जाएगा और आने वाले समय में ये मीटर उपभोक्ताओं के लिए अधिक सुविधाजनक साबित होंगे।

# मारपीट का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने 10 लोगों का शांतिभंग में किया चालान



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**शिकारपुर।** नगर के मौहल्ला ढोरी वाली मस्जिद में शनिवार देर शाम नमाज के बाद इमाम हटाने को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच झगड़ा/मारपीट हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। वायरल वीडियो के आधार पर कोतवाली पुलिस जांच में जुटी थी इसके उपरांत उस्मान पुत्र हनीफ ने कोतवाली पहुंचकर आरोप लगाते हुए राहुल पुत्र सलीम अब्दुल्ला पुत्र इस्माइल मौहल्ला ढोरी वाला के खिलाफ तहरीर दी थी। उधर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम ने बताया कि पुलिस ने वायरल वीडियो तथा तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर राहुल पुत्र सलीम अब्दुल्ला पुत्र इस्माइल के साथ आठ अन्य अज्ञात लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग के आरोप में 10 लोगों का चालान किया है और वीडियो के आधार पर अज्ञात लोगों को चिन्हित किया जा रहा है जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर उनके खिलाफ भी संबंधित कार्यवाही की जाएगी।

# भाजपाजनों नें सुना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 132वां सस्करण

**वेलकम इंडिया संतोष कुमार सिंह**






**वाराणसी।** प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाली पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को भाजपा जनों ने सुना और आत्मसात करने का संकल्प लिया। पीएम मोदी ने मिडिल-ईस्ट में चल रहे संघर्ष सहित कई अहम मुद्दों पर अपनी बात रखी। इसके साथ ही उन्होंने देश के किसानों, नवाचार और जनभागीदारी से जुड़े सकारात्मक प्रयासों का भी जिक्र किया।

पीएम मोदी ने मन की बात में कहा कि हाल ही में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एक प्रेरक प्रयास देखने को मिला। वहाँ एक ही घंटे में 2 लाख 51 हजार से अधिक पौधे लगाए गए और एक नया Guinness World Record बना। इस प्रयास की सबसे खास बात ये रही कि इसमें हजारों लोग एक साथ जुड़े। छात्र,जवान,स्वयंसेवी संगठन, अलग-अलग संस्थाएं,सबने मिलकर इस काम को संभव बनाया। जनभागीदारी का यही स्वरूप 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के दौरान भी दिखता है। इस अभियान के तहत देशभर में करोड़ों पेड़ लगाए गए हैं। इस क्रम में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कैंट विधान सभा के रविदास मंडल में बूथ संख्या 116 पर पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

# सपा नेताओं ने निकाली जल यात्रा, अखिलेश यादव को सौंपा जल



जहांगीराबाद। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व विधानसभा के एसआईआर प्रभारी चौधरी अनिल चरौरा ने रविवार को समर्थकों के साथ गंगाजल लेकर जल यात्रा निकाली। यह जल अनूपशहर स्थित गंगा तट से लाया गया, जिसे दादरी में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को सौंपा गया। बताया गया कि इस गंगाजल से गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा का जलाभिषेक किया गया। गंगाजल लाने पर अखिलेश यादव ने अनिल चरौरा और उनके साथियों का आभार जताया। इससे पूर्व चौधरी अनिल चरौरा ने समाजवादी कार्यकताओं के साथ रुक्मणी बल्लभ तीर्थ क्षेत्र (छोटी काशी) से जल यात्रा की शुरूआत की। यात्रा में नगर अध्यक्ष मोहसिन गाजी, सरफराज अंसारी, राशिद गाजी, जयंती प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे। इस दौरान अन्य समाजवादी साथी भी मौजूद रहे और पूरे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा।

# ओडिशा मीडिया टूर में चमका पारादीप लाइटहाउस, समुद्री सुरक्षा और पर्यटन का अनोखा संगम

**वेलकम इंडिया संतोष कुमार सिंह**





**जगतसिंहपुर/वाराणसी।** प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) वाराणसी द्वारा आयोजित ओडिशा मीडिया टूर के तहत मीडिया प्रतिनिधियों ने जगतसिंहपुर जिले में स्थित पारादीप लाइटहाउस का दौरा किया। बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित यह लाइटहाउस समुद्री मार्गदर्शन और सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। परादीप लाइटहाउस का निर्माण उस समय किया गया था जब

पारादीप पोर्ट का विकास तेजी से हो रहा था और समुद्री व्यापार का विस्तार हो रहा था। लगभग चालीस मीटर ऊंचा यह लाइटहाउस अपनी विशिष्ट लाल-सफेद संरचना के कारण दूर समुद्र में चलने वाले जहाजों के लिए आसानी से पहचान योग्य है इसकी शक्तिशाली रोशनी कई किलोमीटर दूर तक दिखाई देती है जिससे रात या खराब मौसम में भी जहाजों को सुरक्षित मार्ग मिल पाता है।

मीडिया प्रतिनिधियों ने इस दौरान लाइटहाउस की कार्यप्रणाली और समुद्री नेविगेशन में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने बताया कि आधुनिक तकनीक से लैस यह लाइटहाउस जहाजों को बंदरगाह तक सुरक्षित पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पारादीप लाइटहाउस न केवल समुद्री सुरक्षा का प्रतीक है बल्कि यह क्षेत्र के पर्यटन आकर्षण का भी प्रमुख केंद्र बन चुका है यहां से बंगाल की खाड़ी का विस्तृत दृश्य और समुद्र पर उगते-डूबते सूरज का मनमोहक नजारा पर्यटकों को आकर्षित करता है। इस प्रकार पारादीप लाइटहाउस ओडिशा के समुद्री इतिहास, व्यापारिक गतिविधियों और तटीय पर्यटन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण धरोहर के रूप में स्थापित है।।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहित महिला की हुई मौत

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**शिकारपुर/अहमदगढ़।** विवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत। प्राप्त जानकारी के अनुसार अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव हजरतपुर में पूजा पत्नी ऋषिपाल सिंह उम्र करीब 24 वर्ष ने ग्रह क्लेश के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर मौत को लगाया गले। पूजा की जहरीले पदार्थ के सेवन से हालत बिगड़ने पर ससुराल में हड़कंप मच गया। उसके बाद पूजा के ससुराल वाले उसको डिबाई दोराहे के किसी निजी अस्पताल में लेकर गए थे जहां उसकी हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों हायर सेंटर रेफर कर दिया जिसको लेकर ससुराली जन अलीगढ़ निजी अस्पताल में ले गए जहां पर उपचार के दौरान पूजा ने दम तोड़ दिया। जिसकी सूचना पूजा के मायके वालों ने अलीगढ़ पुलिस को दे दी जिस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पूजा की शादी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व डिबाई थाना क्षेत्र के गांव अकरवास से अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव हजरतपुर निवासी ऋषिपाल के साथ हुई थी। पूजा पर करीब 4 माह का एक मासूम बच्चा भी है। हालांकि मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही मौत का कारण पता चल सकेगा। उधर इस संबंध में अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया है कि किसी ग्रामीण द्वारा सूचना मिली थी कि गांव में कोई विषैला पदार्थ खाकर महिला की मौत हुई है जिस पर हल्का इंचार्ज सतीश कुमार को मय पुलिस बल के साथ गांव हजरतपुर भेजा गया हैं लेकिन अभी तक मायका पक्ष से किसी तरह की कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है यदि तहरीर मिलेगी तो अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वही समाचार लिखे जाने तक मायका पक्ष ने थाने में कोई तहरीर नहीं दी है।

# काशी मे सामूहिक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन, 228वां रक्तदान कर डाक्टर सौरभ मौर्य ने किया प्रेरित

## रक्तदान से बचेंगी जिंदगियां वाराणसी में सामाजिक संगठनों की सराहनीय पहल

**वेलकम इंडिया संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** जय श्री कृष्णा फाउंडेशन के तत्वावधान में 29 मार्च रविवार को काशी विश्वनाथ मंदिर के समीप अग्रवाल धर्मशाला में साधना फाउंडेशन के सहयोग से एक भव्य सामूहिक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर के दौरान साधना फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर सौरभ मौर्य ने अपना 228वां रक्तदान संपन्न कर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और सेवा भावना का परिचय दिया।

वहीं साधना फाउंडेशन के राष्ट्रीय प्रबंधक (आईटी विंग) सौमिक सामंता ने भी अपना 15वां रक्तदान किया।

इसके साथ ही अभिषेक पाल सहित अन्य कई सामाजिक कार्यकताओं ने भी रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में योगदान दिया। इस अवसर पर वाराणसी के विभिन्न ब्लड बैंकों की टीमों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

साथ ही जय श्री कृष्णा फाउंडेशन एवं साधना फाउंडेशन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डाक्टर सौरभ मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सामूहिक रक्तदान शिविर वर्ष में कम से कम चार बार आयोजित किए जाने चाहिए जिससे विभिन्न ब्लड बैंकों में समय-समय पर पर्याप्त मात्रा में रक्त उपलब्ध रहे और जरूरतमंद मरीजों को समय पर सहायता मिल सके।

कार्यक्रम के अंत में संस्था द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके इस महान योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# बुलंदशहर में बूथ स्तर पर सुना गया 'मन की बात' का 132वां एपिसोड



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड को जनपद की सभी विधानसभाओं में बूथ स्तर पर सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यकताओं और आम लोगों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम को सुनकर प्रधानमंत्री के संदेशों से प्रेरणा ली।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने ग्रामीण मंडल के बूथ संख्या 380 पर कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में वैश्विक परिस्थितियों, युद्ध और ऊर्जा संकट जैसे मुद्दों पर चर्चा करते हुए लोगों से जागरूक रहने और अफवाहों से बचने की अपील की। उन्होंने देश की एकता को सबसे बड़ी ताकत बताया।

जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने कहा कि 'मन की बात' देश को जोड़ने और सकारात्मक सोच विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कार्यकताओं से प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर आनंद चौधरी, अरविंद चौधरी, केडी शर्मा, हितेंद्र चौहान, प्रेमवीर सिंह, गौरव सिसोदिया, अरुण सिरोही सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बुलंदशहर में एक हजार से अधिक बालिकाओं के लगी एचपीवी वैक्सीन

## सीएमओ व प्राचार्य ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**बुलंदशहर।** जनपद में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी ('ूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ किया गया। शनिवार को जिला अस्पताल पर बालिकाओं को वैक्सीन लगाई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी व प्राचार्य ने उपस्थित लोगों को वैक्सीन के महत्व की जानकारी दी।

बुलंदशहर के कल्याण सिंह मेडिकल कॉलेज में शनिवार को एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे व प्राचार्य डॉ. संजय कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. सुनील कुमार दोहरे ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन बालिकाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव में कारगर साबित होती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों का समय से टीकाकरण अवश्य कराएं।

उन्होंने बताया कि जनपद में एक हजार से अधिक बालिकाओं का टीकाकरण किया जाना है। डॉ. हरेंद्र बंसल ने कहा कि जिले में चरणबद्ध तरीके से अभियान चलाया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक बालिकाओं को वैक्सीन का लाभ मिल सके। इस मौके पर सीएमएस डॉ. अजय पटेल, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. हरेंद्र बंसल, नोडल एनयूएचएम डॉ गौरव सक्सेना, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. कल्पना कुलश्रेष्ठ, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा व डॉ. कमलेंद्र भारद्वाज सहित अन्य

# दो द्विवसीय स्पोर्ट्स मीट 2026 का सफलतापूर्वक सम्पन्न

## छात्रों ने खेल भावना के साथ भाग लेते हुए किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

वेलकम इंडिया अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर।** डॉ. के.एन. मोदी फाउंडेशन, मोदीनगर में आयोजित दो द्विवसीय स्पोर्ट्स मीट 2026 का सफलतापूर्वक समापन हुआ। खेल उत्सव में फाउंडेशन के विभिन्न संस्थानों के छात्रों ने उत्साह, अनुशासन और खेलभावना के साथ भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।समापन दिवस पर के.एन.मोदी फाउंडेशन के प्रशासनिक अधिकारी मेघराज ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा है और ऐसे आयोजन छात्रों को बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, कि प्रतियोगिता में जीत या हार से अधिक महत्वपूर्ण है खेल के प्रति समर्पण, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक दृष्टिकोण। इसी क्रम में एजुकेटिव डायरेक्टर दीपांकर शर्मा ने भी अपने प्रेरणादायक संबोधन में सभी प्रतिभागियों की मेहनत और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल जीवन को संतुलित और ऊर्जा से भरपूर बनाते हैं तथा यह छात्रों में नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता और आत्मविश्वास को विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को हमेशा सक्रिय रहने और अपने कौशल को निखारते रहने के लिए प्रेरित किया।



दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट के दौरान ट्रैक एंड फील्ड, क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी सहित कई व्यक्तिगत और टीम प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। ट्रैक इवेंट्स में लॉन्ग जंप, हाई जंप, शॉटपुट और जैवलिन थ्रो में प्रतिभागियों ने शानदार कौशल का परिचय दिया। वहीं टीम इवेंट्स में वॉलीबॉल, क्रिकेट और कबड्डी के मुकाबलों में अत्यंत रोमांच देखने को मिला, जिसमें टीमों ने बेहतरीन तालमेल और रणनीति का प्रदर्शन किया।

सभी प्रतियोगिताओं के उपरांत विजेता प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। साथ ही बेस्ट एथलीट, फेयर प्ले टीम और बेस्ट टीम स्पिरिट जैसे विशेष सम्मान भी दिए गए, जिससे छात्रों का उत्साह और बढ़ा। और स्पर्धा 2026 मे प्रतियोगिताओं में बैडमिंटन में सी एम डी , रस्साकसी में लड़कों में के एन एम सी ई ,और लड़कियों में के एन एम आई पी ई आर ,कबड्डी में लड़के के एन एम आई ई टी और लड़कियों में एन एम आई पी ई आर ,खो-खो में के एन एम आई पी ई आर ,चेस में लड़कों में के एन एम आई ई टी और लड़कियों में जी डी एम आई ई ,कैरम में लड़कों में के एन एम आई पी ई आर और लड़कियों में जी डी एम आई ई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और क्रिकेट में के एन एम आई पी ई आर ने जीत हासिल की। प्रतिभागियों की कड़ी मेहनत, एकजुटता और शानदार प्रदर्शन ने इनको जीत का हकदार बना दिया। इस जीत ने साबित कर दिया कि असली चैंपियन वही हैं जो जुनून और अनुशासन से खेलते हैं। जिससे विजेता टीम में ऊर्जा का संचार हुआ और अत्यधिक उत्साह देखने को मिला। अतिथियों एवं शिक्षकगणों ने छात्रों की भागीदारी और प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को आत्मविश्वास और प्रेरणा प्रदान करते हैं तथा उनके समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों, निर्णायकों, शिक्षकगणों और सहयोगी स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न यह स्पोर्ट्स मीट 2026 ऊर्जा, उत्साह और सफलता के साथ आज पूर्ण हो गई।

# मसूरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार, नाबालिग पीड़िता सकुशल बरामद

वेलकम इंडिया कपिल चौहान



**गाजियाबाद।** थाना मसूरी पुलिस ने एक गंभीर आपराधिक मामले में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पुलिस टीम ने नाबालिग पीड़िता को सकुशल बरामद कर एक बड़ी घटना का समय रहते खुलासा किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 21 मार्च 2026 को वादी द्वारा थाना मसूरी में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि अभियुक्त शिवम (उम्र लगभग 25 वर्ष), निवासी ग्राम इन्दरगढ़ी, जनपद हापुड़, उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस पर पुलिस ने तत्काल धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया, जिसने सक्रियता दिखाते हुए सुरागरसी-पतारसी के आधार पर नाबालिग पीड़िता को सुरक्षित बरामद कर लिया। जांच के दौरान साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धारा 65(1)/87 बीएनएस तथा धारा 5छ/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। आगे की कार्रवाई में 28 मार्च 2026 को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मैक्सवेल तिराहा, गोविन्दपुरम क्षेत्र से अभियुक्त शिवम को गिरफ्तार कर लिया।

# महावीर जयंती पर उत्थान फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय उत्थान फाउंडेशन द्वारा आयुष योजना के अंतर्गत एक निःशुल्क लघु चिकित्सा शिविर का आयोजन एडवोकेट विपिन सिंघल जी के कार्यालय, तेल मिल गेट, मोदीनगर में किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र के लगभग 35 मरीजों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में डॉ. प्रवीन सांगवान (जनरल फिजिशियन) एवं डॉ. मनोज चंद्रा (एक्कुप्रेशर स्पेशलिस्ट) द्वारा मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान लाइफक्वेस्ट डायग्नोस्टिक सेंटर के सहयोग से मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर एवं थायराइड जांच निःशुल्क की गई। साथ ही मरीजों को सैंपल दवाइयों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संघर्ष शर्मा (मैनेजर, आइफा, मोदीनगर) उपस्थित रहे।

शिविर के सफल आयोजन पर सभी डॉक्टरों एवं अतिथियों को सीए राहुल जैन (अध्यक्ष, उत्थान फाउंडेशन) एवं अनिल भार्गव (वरिष्ठ सदस्य) द्वारा पटका एवं प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम स्थल उपलब्ध कराने हेतु एडवोकेट विपिन सिंघल को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर लाइफक्वेस्ट की ओर से डॉ देवेंद्र अग्रवाल एवं अपूर्व अग्रवाल की भी उपस्थिति रही। उत्थान फाउंडेशन की संस्थापक सचिव डॉ. सोनिका जैन ने बताया कि संस्था द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों के लिए नियमित रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जागरूकता से जुड़े अनेक प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं और भविष्य में भी इस प्रकार के जनसेवा कार्य जारी रहेंगे।

कार्यक्रम में अजय सिंघल, माला भार्गव, हरिश भूटानी, संजय गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

उत्थान फाउंडेशन ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाएं।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्य तरीके से मनाने का लिया निर्णय



वेलकम इंडिया अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर।** मुरादनगर एडवोकेट विजय गौड़ के कार्यालय में रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा और अखिल भारतीय परशुराम सेवा दल की एक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पं. विनोद कुमार मिश्रा ने की, जबकि नगर महामंत्री पं. यतिदेव शर्मा ने संचालन किया। बैठक में भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए मुरादनगर के पाइपलाइन रोड स्थित पं. मदन मोहन मालवीय पब्लिक स्कूल को आयोजन स्थल चुना गया है। संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां भी की गईं। जिलाध्यक्ष पं. राकेश शर्मा ने संगठन का विस्तार करते हुए नई नियुक्तियों की घोषणा की। इसमें पं. सोमदत्त शर्मा को नगर अध्यक्ष, पं. प्रमोद कौशिक को जिला उपाध्यक्ष और कैप्टन संजय शर्मा को विधानसभा महामंत्री मनोनीत किया गया है। बैठक में यह भी तय किया गया कि नगर और विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, जरूरतमंद ब्राह्मण कन्याओं के विवाह में आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि 19 अप्रैल से 19 मई तक पूरे देश में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में यज्ञ, शोभायात्रा और महासम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। बैठक के अंत में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। इस दौरान संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, कई हुए सम्मानित




वेलकम इंडिया अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर।** खिंदौड़ा गांव स्थित एसबीएम पब्लिक स्कूल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। मंच का संचालन विष्णु राघव ने किया। स्कूल के प्रधानाचार्य रंजीत सिंह राघव ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, नाटक, गीत एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक संदेश भी दिए, जिन्हें उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने खूब सराहा। छोटे बच्चों की आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनका उत्साह और बढ़ा। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकगण अंजली, वसुंधरा, राजन, अंशु, सुमन, अंजू, अंशिका, साधना, कोमल व आशा राघव अभिभावक एवं स्थानीय गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्कूल के इस प्रयास की सराहना की।

# एक शाम बाबा के नाम कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया अनिल वशिष्ठ





**मोदीनगर।** शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आज भगवान महावीर जी के जन्म कल्याणक दिवस के रूप में एक शाम बाबा के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अति वीर फाउंडेशन मोदीनगर एवं जैन क्लब मोदीनगर के तत्वाधान में आयोजित किया गया। दिल्ली की मशहूर गायिका बबीता झंझरी ने श्री महावीर भगवान के आध्यात्मिकवाद पर भजन प्रस्तुत कर समारोहों को श्रद्धालु जनों को भाव विभोर कर कर दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय जैन बलवाड़ी पब्लिक स्कूल, विपिन जैन, संजय जैन एडवोकेट, अजय जैन फ्लेक्स वाले, दिनेश जैन सूट वाले नवीन जैन वाले तथा मंदिर समिति के अध्यक्ष स्वदेश कुमार जैन का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर जैन समाज के शहर भर के जैन बंधु और महिला शक्ति उपस्थित रहे और सभी ने बाबा के नाम एक शाम में प्रस्तुत कार्यक्रम का आनंद उठाया। इस अवसर पर विधायक मोदीनगर मंजू शिवाच नगर कोतवाल आनंद प्रकाश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# यूपी चुनाव में दमदार प्रदर्शन कर जीत का लक्ष्य, कार्यकताओं को जुटने का आह्वान

वेलकम इंडिया अरुण मिश्रा






**गाजियाबाद।** आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में लोनी विधानसभा क्षेत्र के राहुल गार्डन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश शर्मा ने पार्टी कार्यकताओं को एकजुट होकर चुनावी मैदान में उतरने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पार्टी का लक्ष्य आगामी यूपी चुनाव में दमदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल करना है, जिसके लिए सभी साथियों को अभी से पूरी ताकत के साथ जुटना होगा।

सतीश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि चुनाव में अब एक साल से भी कम का समय शेष रह गया है, ऐसे में संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच पहुंच बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकताओं से घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि यूपी में जीत हासिल करने के बाद पार्टी का अगला लक्ष्य वर्ष 2029 में राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है, क्योंकि दिल्ली की सत्ता का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है।

इस दौरान उन्होंने बीजेपी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सरकार तेल और गैस की किल्लत को लेकर जनता को गुमराह कर रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पेट्रोल पर 10 रुपये प्रति लीटर की छूट देने का दावा किया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। पेट्रोल पंपों पर ऐसी कोई राहत नजर नहीं आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी झूठे दावे कर जनता को भ्रमित करने का काम कर रही है।

कार्यकर्ता सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉर्डिनेटर राजकुमार पंडित और जिला महासचिव विनोद धामा ने भी अपने विचार रखे और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मामराज प्रधान, जिला महासचिव रिजवान मलिक, रियाज सैफी, मंडल अध्यक्ष आबिद अली सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोनी शहर अध्यक्ष अजय शर्मा ने की, जबकि संचालन विनोद धामा द्वारा किया गया। सम्मेलन में कार्यकताओं ने आगामी चुनाव को लेकर पूरी मजबूती से जुटने का संकल्प लिया।

# पश्चिम प्रदेश निर्माण की मांग तेज, महिलाओं की 50% भागीदारी का ऐलान








वेलकम इंडिया अरुण मिश्रा

**गाजियाबाद।** पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा की ओर से शहर में आयोजित जनसंवाद एवं विचार-विमर्श बैठक ने अलग पश्चिम प्रदेश की मांग को एक नई दिशा देने का काम किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और बुद्धिजीवियों की भागीदारी देखने को मिली, जहां सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई।

मोर्चा के केंद्रीय महासचिव कर्नल सुधीर चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए पश्चिम उत्तर प्रदेश में महिलाओं की 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के बिना कोई भी समाज या व्यवस्था पूर्ण नहीं हो सकती। मातृशक्ति को सम्मान देना और उन्हें निर्णय प्रक्रिया में शामिल करना समय की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में केंद्रीय संयोजक महिला शक्ति रश्मि बालियान ने संभावित राज्य निर्माण, परिसीमन और महिला आरक्षण के मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश की महिलाएं अब स्वयं आगे आकर नेतृत्व संभालें और किसी भी 'पैराशूटह्व उम्मीदवार को स्वीकार न करें। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे 2027 और 2029 के चुनावों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएं।

बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रिंसिपल रकम सिंह ने की। उन्होंने आंदोलन में युवाओं और बुद्धिजीवियों की अहम भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि संगठित प्रयास ही किसी भी बड़े लक्ष्य को हासिल करने की कुंजी है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व आईआरएस अधिकारी मेट्टा रामा राव ने तेलंगाना और झारखंड के आंदोलन का उदाहरण देते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए जिम्मेदारियों के स्पष्ट बंटवारे पर बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि बुंदेलखंड और पूर्वांचल के आंदोलनों को साथ जोड़कर इसे और प्रभावी बनाया जा सकता है।

बैठक का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और युवाओं को जागरूक कर उन्हें राजनीतिक रूप से सशक्त बनाना और भविष्य के लिए तैयार करना रहा।

# IGRS रिपोर्ट में खुलासा: हाउस टैक्स बढ़ोतरी पर निगम का जवाब, भ्रामक बयानों पर उठे सवाल

वेलकम इंडिया अरुण मिश्रा



**गाजियाबाद।** नगर निगम की आधिकारिक IGRS (जनसुनवाई पोर्टल) निस्तारण रिपोर्ट ने हाउस टैक्स बढ़ोतरी को लेकर चल रही बहस पर स्थिति स्पष्ट कर दी है। पत्र संख्या 665, दिनांक 28 मार्च 2026 के अनुसार, शिकायत संख्या 40014026014564 के तहत दर्ज आपत्ति का निस्तारण करते हुए निगम ने साफ किया है कि बढ़े हुए हाउस टैक्स की दरें माननीय न्यायालय के आदेशों के अनुरूप निर्धारित की गई हैं। मुख्यमंत्री जनसुनवाई के माध्यम से उठाए गए इस मुद्दे पर निगम ने जवाब देते हुए कहा कि कर निर्धारण की प्रक्रिया पूरी तरह से न्यायालय के निर्देशों और निर्धारित नियमों के अनुसार ही की जा रही है। साथ ही, नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया कि सदन द्वारा तय प्रावधानों के अंतर्गत आम नागरिकों को निर्धारित छूट का लाभ भी दिया जा रहा है, जिससे कर का बोझ संतुलित रहे। निगम की ओर से जारी रिपोर्ट और कर विभाग की जांच में भी इस बात की पुष्टि हुई है कि सभी कार्रवाई पारदर्शिता के साथ की जा रही है और किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई है। इसके बावजूद कुछ जनप्रतिनिधियों द्वारा सार्वजनिक मंचों पर दिए जा रहे बयान सवालों के घेरे में आ गए हैं। स्थानीय प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि बिना तथ्यों की पुष्टि किए इस तरह के बयान देना न केवल भ्रम की स्थिति पैदा करता है, बल्कि आम जनता के बीच गलत संदेश भी पहुंचाता है। ऐसे में जिम्मेदार पदों पर बैठे जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की जा रही है कि वे किसी भी मुद्दे पर प्रतिक्रिया देने से पहले आधिकारिक तथ्यों की जांच अवश्य करें। फिलहाल IGRS रिपोर्ट के सामने आने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि हाउस टैक्स बढ़ोतरी का मामला न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप है और इसे लेकर फैल रही भ्रांतियों पर विराम लगना चाहिए।

# वीर चक्र विजेता कर्नल टीपी त्यागी ने किया आईपीए के दो दिवसीय बुक एक्सचेंज मेले का शुभारंभ

## पुस्तक एक्सचेंज मेले के पहले दिन सैकड़ों अभिभावकों एवं बच्चों ने बदली आपस में किताबें

वेलकम इंडिया संवाददाता





**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित ओरा कायमेरा सोसायटी में इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन, राजनगर एक्सटेंशन ट्रस्ट, सहायता संपर्क एवं सॉलिड रूफ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क बुक एक्सचेंज मेले का शुभारंभ बड़े जोश और उत्साह के साथ किया गया। मुख्य अतिथि 'वीर चक्र' विजेता कर्नल टीपी त्यागी ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया।

बुक एक्सचेंज मेले के पहले ही दिन जहा सैकड़ों अभिभावकों और बच्चों ने एक-दूसरे से किताबों का आदान-प्रदान किया। वहीं पुस्तक मेले में गाजियाबाद ब्लड सेंटर की तरफ से लगाए गए कैंप में युवाओं ने 13 यूनिट रक्त दान कर इस मुहिम को अपना समर्थन दिया मेले में आए बच्चों और अभिभावकों का उत्साह देखने लायक रहा बुक एक्सचेंज मेले की मुहिम से जहां शिक्षा व्यवस्था में बदलाव की भावना को बढ़ावा मिल रहा है वहीं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दूर तक जा रहा है इस अवसर पर कर्नल टीपी त्यागी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा,

'आज जब शिक्षा लगातार महंगी होती जा रही है, ऐसे में यह बुक एक्सचेंज मेला समाज के लिए एक मिसाल है। यह केवल किताबों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि 'साझा संसाधन और जिम्मेदार नागरिकता' की जीवंत संस्कृति का निर्माण है। यदि देशभर में ऐसी पहलें आगे बढ़ें, तो न केवल अभिभावकों का आर्थिक बोझ कम होगा, बल्कि हम लाखों पेड़ों को कटने से भी बचा सकते हैं। यह पहल वास्तव में आत्मनिर्भर और संवेदनशील समाज की दिशा में एक सशक्त कदम है।'

इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी और महासचिव महीपाल सिंह रावत ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल किताबों का आदान-प्रदान कराना नहीं, बल्कि समाज में सहयोग, बचत और पर्यावरण संरक्षण की सोच को मजबूत करना है। पहले ही दिन सैकड़ों अभिभावकों की भागीदारी यह दशार्ती है कि लोग इस पहल को दिल से स्वीकार कर रहे हैं। आने वाले समय में हम इसे और बड़े स्तर पर लेकर जाएंगे ताकि अधिक से अधिक परिवारों को इसका लाभ मिल सके।

राजनगर एक्सटेंशन ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपांशु मित्तल सहायता संपर्क के अध्यक्ष तुषार कंसल एवं सॉलिड रूफ के सौरभ अग्रवाल ने कहा इस बुक एक्सचेंज मेले का उद्देश्य अभिभावकों को महंगी किताबों के बोझ से राहत दिलाना, बच्चों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना और हर वर्ष कॉपी-किताबों के नाम पर होने वाले पेड़ों के कटान को रोकने के प्रति जागरूकता फैलाना है। हम उम्मीद करते है दूसरे दिन और भी ज्यादा अभिभावक इस पुस्तक मेले में आकर किताबें एक्सचेंज करेंगे ।

# गाज़ियाबाद में प्रांतीय खत्री सभा की बैठक, समाज उत्थान पर जोर



वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** प्रांतीय खत्री सभा उत्तर प्रदेश (पंजीकृत) की एक दिवसीय बैठक का आयोजन रविवार को शिवाजी बैंकट हॉल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ तथा उपस्थित संरक्षकों एवं पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक की शुरूआत खत्री समाज की महिलाओं द्वारा की गई। इस दौरान समाज के संगठन, एकता और सामाजिक दायित्वों को लेकर विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाज के सभी त्यौहार एवं धार्मिक कार्यक्रम मिलजुलकर मनाए जाने चाहिए तथा नई पीढ़ी को इनसे जोड़ना आवश्यक है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों की सहायता करने और आपसी सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। वक्ताओं ने युवाओं के विवाह समय पर करने तथा समाज के भीतर वैवाहिक संबंधों को प्रोत्साहित करने की बात कही। साथ ही सनातन धर्म के मूल्यों पर चलने और समाज में भाईचारा बनाए रखने का आह्वान किया गया। मुख्य संयोजक एवं संरक्षक महेश कुमार आहूजा ने कहा कि समाज को संगठित होकर धर्म और समाज के हित में कार्य करना चाहिए। बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा एवं भाईचारे की शपथ भी दिलाई गई। अध्यक्ष अमित खत्री ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि महामंत्री बृजेश मेहरोत्रा ने कार्यवाही से संबंधित विचार रखे। कोषाध्यक्ष विकास कक्कड़ ने लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन तूलिका सेठ एवं बृजेश मेहरोत्रा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अनिल अरोड़ा द्वारा किया गया। बैठक में विभिन्न जनपदों से आए समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया और समाज के उत्थान के लिए अपने विचार रखे।

# खिलौना फैक्ट्री के गोदाम में भीषण आग, लाखों का नुकसान

वेलकम इंडिया कपिल चौहान



**नोएडा।** गौतम बुध नगर के गिरधरपुर सुनारसी स्थित राम विहार इलाके में उस समय हड़कंप मच गया, जब खिलौने बनाने वाली एक फैक्ट्री के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गोदाम में रखा लाखों रुपये का माल जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने में दमकल कर्मियों को काफी समय तक जूझना पड़ा, लेकिन उनकी मुस्तैदी के चलते आसपास के इलाकों में आग फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि अधिकारियों द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। घटना के समय गोदाम में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग इतनी भयानक थी कि दूर से ही धुएं के गुबार दिखाई दे रहे थे। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल रहा। दमकल विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रखें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# पतंजलि योग समिति ने षट्कर्म, जल रबर नेति का कराया अभ्यास





वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** भीम 29 मार्च शहर में प्रतिदिन प्रातःकाल आयोजित होने वाले योगभास कार्यक्रम में रविवार अलसुबह योगिक-जॉगिंग सूर्य नमस्कार आसन प्राणायाम जल नेति रबर नेति षट्कर्म क्रिया कराकर आमजन को दैनिक जीवन में अपनाने एवं स्वस्थ रहने का योगाभ्यास कराया। इस दौरान सह योग शिक्षक एवं मुख्य योग शिक्षक प्रमाण पत्र वितरण वितरण किए गए।

जिसमें डॉ राजू वैष्णव, अनुराधा बैरागी, जतीन सालवी, हीरा सिंह, जगदीश सिंह, भैरूलाल सालवी, जय सिंह, हेम कंवर आदि पतंजलि परिवार हरिद्वार के प्रमाणपत्र भामाशाह महाव्यापार संघ के अध्यक्ष बाबू लाल कोठारी वर्धमान स्थानक संघ के सुरेश प्रकाश मेहता समाजसेवी ललित सोनी शंकर लाल जाटोलिया आदि के द्वारा वितरित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य सहयोगी भीमाराम भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी भीलवाड़ा रतन सिंह चौहान प्रभारी भारत स्वाभिमान सह जिला प्रभारी भीलवाड़ा योग शिक्षक महेंद्र कुमार कमलेश कुमार सालवी ताराचंद प्रजापत पंकज आहूजा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दीपेश मेहता कपिल सालवी प्रोफेसर गोविंद राम जाट राजेंद्र कुमार गर्ग महिला तहसील प्रभारी आशा किरण चौहान मंजू जोधावत हर्षिता सालवी महिला योग शिक्षिका सरोज मेवाड़ा शेफाली मेहता सुमित्रा प्रजापत महिला कार्यकर्ता नीतू सिंह सुगना गर्ग चांदनी सेन सीमा जीनगर लक्ष्मी मेवाड़ा ललिता रावत सुरेखा जैन, जसोदा मेवाड़ा आदि मौजूद रहे।

# ऑपरेशन प्रहार में लिंकरोड पुलिस की बड़ी सफलता: 57 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया अरुण मिश्रा



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के थाना लिंकरोड पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहारह्व के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ तस्करी में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 57 ग्राम स्मैक (हेरोइन), 3020 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। बरामद नशीले पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 11.50 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस के अनुसार, 28 मार्च 2026 को नियमित चेकिंग के दौरान महाराजपुर क्षेत्र के खंडहर सिनेमा हॉल के पास संदिग्ध गतिविधि के आधार पर आरोपी को पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शोएब खान उर्फ मोटी पुत्र रिजवान, निवासी ग्राम भौंपुरा, थाना कौशांबी, गाजियाबाद (उम्र करीब 30 वर्ष) के रूप में हुई है।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि वह दिल्ली से एक अज्ञात व्यक्ति से स्मैक लाकर गाजियाबाद और आसपास के इलाकों में ऊंचे दामों पर बेचता था। इस अवैध धंधे से वह काफी मुनाफा कमा रहा था। पुलिस अब उस सप्लायर की तलाश में जुट गई है, जिससे आरोपी यह मादक पदार्थ खरीदता था।

# डूडाहेड़ा पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव: रंगारंग प्रस्तुतियों से गूंजा परिसर, प्रतिभाओं ने जीता दिल








वेलकम इंडिया कपिल चौहान



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद मे डूडाहेड़ा पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव (एनुअल फंक्शन) का भव्य आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नृत्य, संगीत, नाटक, भाषण एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रंगारंग प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रबंधन निदेशक चंदन पटेल एवं प्रिंसिपल शुभम दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इससे बच्चों में आत्मविश्वास, मंच कौशल और रचनात्मकता का विकास होता है। कार्यक्रम के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की।

# फर्जी दस्तावेजों के सहारे मकान कब्जाने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे, अंकुर विहार पुलिस की बड़ी कार्रवाई

वेलकम इंडिया कपिल चौहान



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद।थाना अंकुर विहार पुलिस ने धोखाधड़ी और कूटरचना के एक गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर कानून-व्यवस्था के प्रति अपनी सख्ती एक बार फिर साबित की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 12 जनवरी 2026 को आवेदिका श्रीमती सलमा बेगम ने थाना अंकुर विहार में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि अभियुक्त अहमीद ने अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनके मकान पर अवैध कब्जा कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित धाराओं 329(3)/329(4)/318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के खुलासे और अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। लगातार प्रयासों के बाद 29 मार्च 2026 को थाना अंकुर विहार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अहमीद पुत्र मांगे खान, निवासी पुराना मुस्तफाबाद (दिल्ली), वर्तमान पता राजीव गांधी नगर, गोकुलपुरी (दिल्ली), उम्र करीब 40 वर्ष, को थाना क्षेत्र अंकुर विहार से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने लालच में आकर साजिश के तहत फर्जी दस्तावेज तैयार कराए और मकान पर कब्जा करने का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ संबंधित मामला दर्ज है और उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# कविनगर व नंदग्राम थानों का पुलिस आयुक्त ने किया निरीक्षण, 'ऑपरेशन प्रहार' को लेकर दिए सख्त निर्देश





वेलकम इंडिया कपिल चौहान



**गाजियाबाद।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आज श्रीमान पुलिस आयुक्त गाजियाबाद महोदय द्वारा थाना कविनगर एवं थाना नंदग्राम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थानों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों तथा सुरक्षा व्यवस्था का गहनता से जायजा लिया गया। भ्रमण के दौरान पुलिस आयुक्त ने थाने पर तैनात बीट एसआई एवं बीट पुलिस अधिकारियों को 'ऑपरेशन प्रहार' के अंतर्गत अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा आम जनता के साथ नियमित संवाद स्थापित कर विश्वास कायम किया जाए। साथ ही पुलिस कर्मियों को अनुशासन बनाए रखने और संवेदनशील व्यवहार अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस आयुक्त ने लंबित प्रार्थना पत्रों एवं विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी मामले में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मिशन शक्ति केंद्र पर तैनात कर्मियों को महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के उद्देश्य को और प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं की शिकायतों का तत्काल पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा उनके साथ सहानुभूतिपूर्ण और संवेदनशील व्यवहार रखने पर भी विशेष बल दिया गया।

# गंगाजल से धुलवाए घर का दर्द नहीं समझ सकते–अखिलेश का दादरी से सियासी संदेश

वेलकम इंडिया कपिल चौहान





**नोएडा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को दादरी में आयोजित समाजवादी समता भाईचारा रैली को संबोधित करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'जिसने अत्याचार, अन्याय और उत्पीड़न की पीड़ा नहीं झेली, वो हमारे दर्द को नहीं समझ सकते। जिसने हमारे घर को गंगाजल से धुलवाया, उस दर्द को कोई महसूस नहीं कर सकता।'

जेवर में बने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के 7 में से 6 एयरपोर्ट बंद हो चुके हैं और कम से कम यह वादा किया जाना चाहिए था कि उद्घाटन के बाद इसे बेचा नहीं जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह उद्घाटन भी बेचने की तैयारी का हिस्सा लगता है। रैली में सामाजिक न्याय और भेदभाव के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि समाज में अब बदलाव का समय आ चुका है। 'हम नकारात्मक लोगों को मिटाना नहीं चाहते, बल्कि उन्हें समझाना चाहते हैं कि भेदभाव और चालबाजी छोड़ दें, क्योंकि भविष्य उनका नहीं है,' उन्होंने कहा।

कार्यक्रम से पहले अखिलेश यादव ने गुर्जर-प्रतिहार वंश के सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और गंगाजल से शुद्धिकरण भी किया।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गुर्जर समुदाय के प्रभाव को देखते हुए इस रैली को सपा के 2027 विधानसभा चुनाव अभियान की शुरूआत माना जा रहा है।

भाजपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि 'जो पार्टी खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहती है, उसे रैली के लिए सरकारी मशीनरी का सहारा लेना पड़ा।' उन्होंने दावा किया कि आने वाले चुनावों में भाजपा की प्रदेश और केंद्र दोनों जगह से विदाई तय है।

अखिलेश यादव ने संविधान और आरक्षण के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान की रक्षा करना समाज का कर्तव्य है और सपा इसके लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि यदि 2027 में उनकी सरकार बनती है तो समाजवादी पेंशन योजना दोबारा शुरू की जाएगी, महिलाओं की सुरक्षा के लिए 1090 सेवा को और मजबूत किया जाएगा तथा गरीब महिलाओं को हर साल आर्थिक सहायता दी जाएगी।

# आजाद ऑयल एक्सपेलर फैक्ट्री में भीषण आग, चार दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

वेलकम इंडिया कपिल चौहान





**गाजियाबाद।** साउथ साइड जीटी रोड स्थित इंडस्ट्रियल एरिया लाल कुआं के पास स्थित आजाद ऑयल एक्सपेलर कंपनी में रविवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पास की एक अन्य कंपनी भी इसकी चपेट में आ गई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलते ही फायर विभाग तत्काल हरकत में आया और चार दमकल गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आसपास के क्षेत्रों में फैलने से रोक लिया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फायर विभाग द्वारा मौके पर जांच की जा रही है और नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। प्रशासन ने क्षेत्र के उद्योग संचालकों से सतर्क रहने और सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की है।